
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25
www.dainikvishwapariwar.com
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 23 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जैन धर्म का मूल विस्तार यह है कि वह प्रत्येक आत्माओं को परमात्मा बनाने की क्षमता को बताता है।

The fundamental of jainism is that it explains every soul's capability to become god.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक

■ मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद् बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मंत्रिपरिषद् की बैठक में प्रदेश के किसानों को खरीफ एवं रबी मौसम में उर्वरकों की समयबद्ध एवं सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरक आपूर्ति, वितरण एवं प्रबंधन से संबंधित विषयों पर सुझाव, अनुशंसा एवं मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु मंत्री-मंडलीय उप समिति के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है।

इस उप समिति में उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग को अध्यक्ष तथा कैबिनेट मंत्री, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, कैबिनेट मंत्री, सहकारिता विभाग एवं कैबिनेट मंत्री, वित्त विभाग को सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

कृषि उत्पादन आयुक्त उप समिति के संयोजक होंगे। उप समिति आवश्यकतानुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर सकेगी तथा उर्वरकों की उपलब्धता एवं आपूर्ति से संबंधित विषयों पर राज्य शासन को सुझाव देगी।

2. मंत्रिपरिषद् की बैठक में अग्निवीर सैनिकों के पुनर्वास एवं सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद् ने राज्य की तृतीय श्रेणी के पदों - पुलिस विभाग में आरक्षक, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षक तथा जेल विभाग में प्रहरी की सीधी भर्ती में अग्निवीर सैनिकों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने हेतु छत्तीसगढ़ के अग्निवीर सैनिकों के लिए राज्य की सिविल सेवाओं में तृतीय श्रेणी के पदों में रिक्तियों का आरक्षण नियम-2026 बनाए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

यह निर्णय मुख्यमंत्री जी द्वारा 26 जुलाई 2024 को विधानसभा में की गई घोषणा के अनुपालन में लिया गया है। इस आरक्षण का लाभ उन अग्निवीर सैनिकों को मिलेगा, जिन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों में चार वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद वैध सेवा प्रमाण-पत्र के साथ सेवामुक्ति प्राप्त की हो।

इस निर्णय से अग्निवीर सैनिकों को राज्य की सेवाओं में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे तथा उनके अनुभव और अनुशासन का लाभ पुलिस, वन एवं जेल प्रशासन को मिलेगा।

## नीट मुद्दे पर तीसरे दिन भी संसद ठप



■ सरकार चर्चा को तैयार, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़ा विपक्ष

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के तीन दिन सूखे बीत गए। न एक भी सदन में प्रश्न काल चल सका और शून्य काल में किसी सांसद को जनहित के मुद्दे उठाने का अवसर मिला। कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित कराना सरकार के एजेंडे में हैं, इसलिए वह गतिरोध खत्म कर सत्र को पटरी पर लाना चाहती है। सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष द्वारा प्रारंभ में उठाई जा रही नीट पेपर लीक मामले पर सदन में चर्चा की मांग को मानते हुए चर्चा के लिए आश्वासन दे दिया गया है।

चूंकि, विपक्ष में खास तौर पर कांग्रेस अब शिक्षा मंत्री के त्याग-पत्र की मांग पर अड़ गई है, इसलिए अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्य सभा के सभापति डॉ. सीपी राधाकृष्णन के माध्यम से सभी दलों को चर्चा के लिए सहमत करने का प्रयास किया जा रहा है। यह संभावना जताई जा रही है कि गतिरोध टूट सकता है और अगले सप्ताह से सदन की कार्यवाही सुचारू हो सकती है। नीट यूजी पेपर लीक मामले पर प्रधानमंत्री आवास के पास विपक्ष के प्रदर्शन के बाद यह लगभग तय था कि जिस तरह से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के धरने पर अखिलेश यादव सहित अन्य विपक्षी नेताओं की भागीदारी और फिर गिरफ्तारी हुई, उसका असर बुधवार को संसद में दिख सकता है। विपक्षी सांसद काली पट्टी बांध कर और काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे। कार्यवाही शुरू होने से पहले संसद परिसर में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यही हंगामा और शोर संसद के दोनों सदनों में भी जारी रहा। इधर, सरकार की ओर से पीएमओ के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह मंगलवार को ही नेता प्रतिपक्ष को धरना स्थल पर आश्वस्त कर चुके थे कि सरकार नीट पेपर लीक से जुड़े हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। बुधवार को लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि पहले दिन से सरकार ने कहा है कि नीट पेपर लीक मामले पर हम चर्चा के लिए तैयार हैं।

कांग्रेस सहित सभी दलों के नेताओं को इस बारे में बता दिया गया है, लेकिन चर्चा कब और कितनी होनी है, यह दोनों सदनों की पीठ द्वारा तय किया जाए। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में उठाए गए एक-एक कदम की जानकारी देश को देना सरकार का दायित्व है।

## लोकसभा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उठाया पीडीएस बायोमेट्रिक का मुद्दा

■ केंद्र सरकार ने दिए वैकल्पिक व्यवस्था के स्पष्ट निर्देश



**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के दौरान रायपुर लोकसभा क्षेत्र से वरिष्ठ सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने देश और विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूरों, जनजातीय परिवारों और गरीब लाभार्थियों के राशन अधिकारों को लेकर लोकसभा में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया।

श्री अग्रवाल ने सरकार का ध्यान इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल (e-POS) मशीनों में होने वाली बायोमेट्रिक विफलता, सर्वर में देरी, तथा आईआरआईएस (IRIS) स्कैनर और ऑफलाइन स्मार्ट-टोकन जैसे वैकल्पिक माध्यमों की आवश्यकता की ओर आकर्षित किया। उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं पर जवाब मांगा।

### केंद्र सरकार का स्पष्टीकरण और दिए गए निर्देश

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया ने जानकारी दी कि, सरकार ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के तहत फिंगरप्रिंट के अलावा मल्टी-फिंगर, आईआरआईएस (आंखों की पुतली) और आधार ओटीपी जैसे कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मु महात्मा गांधी की प्रतिमा का किया अनावरण

■ भारत और उत्तर मैसेडोनिया के बीच मित्रता का स्थायी प्रतीक बनेगी



**स्कोपजे।** राष्ट्रपति सचिवालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया, राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि महात्मा गांधी की यह प्रतिमा भारत और उत्तर मैसेडोनिया के बीच मित्रता का स्थायी प्रतीक बनेगी। साथ ही, यह शांति, सहिष्णुता और मानवता के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को भी दर्शाएगी। दोनों ने स्कोप्जे स्थित मदर टेरेसा स्मारक का भी दौरा किया। मदर टेरेसा का जन्म स्कोप्जे में हुआ था और वह वर्ष 1928 तक वहीं रहीं। अपने दौरे के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने उत्तर मैसेडोनिया की संसद को संबोधित किया, राष्ट्रपति गोरदाना सिल्यानोव्स्का-दावकोवा के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और भारत-उत्तर मैसेडोनिया बिजनेस फोरम को भी संबोधित किया। वहीं, कल मंगलवार को स्कोप्जे स्थित विला वोडनो में हुई बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। बैठक से पहले राष्ट्रपति मुर्मु का औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## कांग्रेस ने पूरे देश में अराजकता का वातावरण पैदा करने की योजना बनाई है : किरण देव

■ राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री आवास का घेराव के विरोध में भाजपा द्वारा कांग्रेस कार्यालय का घेराव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा है कि कांग्रेस ने पूरे देश में अराजकता का वातावरण पैदा करने की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में गलत बयानबाजी, अपशब्दों का प्रयोग और उनके आवास पर आंदोलन करके राहुल गांधी और कांग्रेस ने देश का माहौल खराब करने की कोशिश की है। श्री देव बुधवार को यहाँ लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री आवास का घेराव कर देश में अराजकता एवं हिंसा फैलाने के विरोध में भाजपा रायपुर जिला इकाई द्वारा आहूत कांग्रेस कार्यालय घेराव करने एकत्रित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने राहुल गांधी से सवाल किया कि आखिर वह चाहते क्या हैं? जिस तरीके से बांग्लादेश में अराजकता का माहौल बना हुआ था, हमारे देश में भी राहुल गांधी अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं । कांग्रेस के नेता अभद्र भाषा व अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। संविधान की हत्या खुद करते हैं और संविधान की किताब लेकर दिखाते घूमते हैं। प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का प्रयोग करने की अमर्यादित राजनीति देखने को कहीं नहीं मिलेगी। श्री देव ने कहा कि देश के युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने का काम कांग्रेस कर रही है, उनके आंदोलन को गलत तरीके से राजनीतिक रंग दे रही है। छत्तीसगढ़ में भूपेश शासनकाल में पीएससी घोटाला कर अपने भाई-भातिजों को पोषित करने का काम तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने किया था और लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया।

## वांगचुक से मिलने पहुंचे विपक्षी सांसदों को पुलिस ने रोका

■ सोनम बोले-सरकार भरोसा दे तो अनशन तोड़ने को तैयार



**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक से मिलने पहुंचे विपक्षी सांसदों को पुलिस ने रोक दिया। जिसके बाद AAP सांसद संजय सिंह समेत सभी नेता मेदांता के गेट पर धरने पर बैठ गए। संजय सिंह ने कहा- इतिहास में पहली बार सुन रहे हैं कि अस्पताल में भर्ती किसी मरीज से लोगों को मिलने से रोका जा रहा है। हम सोनम वांगचुक से मिलने आए हैं। दरअसल 55 विपक्षी सांसदों ने वांगचुक को पत्र लिखकर अनशन खत्म करने की अपील की है। इनमें आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल , समाजवादी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के 15 नेता शामिल हैं। वांगचुक पिछले 25 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। उन्हें पहले जंतर-मंतर से दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल ले जाया गया था। मंगलवार को कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें मेदांता हॉस्पिटल शिफ्ट किया गया है। यहीं उनका इलाज चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक आज सुबह केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने वांगचुक से मुलाकात की थी। हालांकि इसकी डिटेल सामने नहीं आई है। उधर, वांगचुक ने आज इन्हें पत्र लिखकर कहा कि वे अनशन खत्म करने को तैयार हैं लेकिन भरोसा दिया जाए कि आंदोलन कर रहे स्टूडेंट्स पर एक्शन नहीं लिया जाएगा।

## होर्मुज में जहाज पर किया हमला तो उड़ा देंगे पुल और पावर प्लांट

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान को एक नई चेतावनी दी है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर जारी एक बयान में राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले किसी भी कमर्शियल या मिलिट्री जहाज पर किसी भी हथियार से हमला करता है, तो अमेरिकी सेना ईरान के इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला करके जवाब देगी, खासकर पुलों और पावर प्लांट को सटीक हमलों से निशाना बनाएगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ किया कि अमेरिका की यह नई पॉलिसी तुरंत ही लागू होगी। जीन इलाकों को निशान बनाया जाएगा, उसमें ईरान की राजधानी तेहरान के अंदर या उसके आसपास मौजूद रणनीतिक और नागरिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल हैं।

## बलौदाबाजार हिंसा मामले में अमित बघेल रिहा

■ जेल के बाहर समर्थकों ने की आतिशबाजी, सैकड़ों समर्थक जुटें



**रायपुर (विश्व परिवार)।** बलौदाबाजार हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद छत्तीसगढ़ क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के सुप्रीमो अमित बघेल रायपुर सेंट्रल जेल से रिहा हो गए हैं। उनकी रिहाई के बाद जेल के बाहर समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी कर खुशी जताई।

जेल से रिहा होने के बाद अमित बघेल सबसे पहले महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद और सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर हाथ में लेकर जेल परिसर से बाहर कदम रखा।

बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में 10 जून 2024 को एक सामाजिक मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था, जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। आरोप है कि वहां छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने मंच से भडक़ाऊ भाषण देकर भीड़ को उग्र कर दिया। इसके बाद हिंसक हुई भीड़ ने बैरिकेड्स तोड़ते हुए कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय परिसर में घुसकर जमकर तोडफ़ोड़ की। सैकड़ों वाहनों में आग लगा दी गई और कलेक्टोरेट भवन को भी आग के हवाले कर दिया गया।

## भारत रेलवे विद्युतीकरण में बना वैश्विक अग्रणी

■ देश में 99.6 प्रतिशत ब्रॉड गेज नेटवर्क का विद्युतीकरण पूर्ण

■ भारत स्विट्ज़रलैंड के बाद दूसरे स्थान पर



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे में रेल नेटवर्क के विद्युतीकरण का कार्य मिशन मोड में शुरू किया गया है। अब तक, ब्रॉड गेज (बीजी) नेटवर्क का लगभग 99.6 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। शेष नेटवर्क के विद्युतीकरण का कार्य जारी है। वर्ष 2014 से 2026 के दौरान और 2014 से पहले किए गए विद्युतीकरण का विवरण इस प्रकार है।

भारतीय रेलवे ने विश्व के सबसे तेज रेलवे विद्युतीकरण कार्यक्रमों में से एक को अंजाम दिया है। जहां कई देश केवल अपने सबसे व्यस्त यात्री और माल ढुलाई गलियारों के विद्युतीकरण को प्राथमिकता देते हैं, वहीं भारत ने अपने पूरे ब्रॉड गेज नेटवर्क के विद्युतीकरण का विकल्प चुना है। रेलवे विद्युतीकरण में भारतीय रेलवे की उपलब्धि वैश्विक स्तर पर उल्लेखनीय है। अंतर्राष्ट्रीय रेलवे संघ की जून 2025 की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, महत्वपूर्ण रेलवे प्रणालियों में रेलवे विद्युतीकरण की स्थिति इस प्रकार है:

### देश - रेलवे विद्युतीकरण

- स्विट्जरलैंड - 100 प्रतिशत
- भारत - 99.6 प्रतिशत
- चीन - 82 प्रतिशत
- स्पेन - 67 प्रतिशत
- जापान - 64 प्रतिशत
- फ्रांस - 60 प्रतिशत
- ब्रिटेन - 39 प्रतिशत

नेटवर्क कवरेज के लिहाज से, भारतीय रेलवे अब दुनिया के सबसे व्यापक रूप से विद्युतीकृत बड़े रेलवे सिस्टमों में से एक है। भारतीय रेलवे ने अपने ब्रॉड-गेज नेटवर्क के 99.6 प्रतिशत हिस्से का विद्युतीकरण कर दिया है, जिससे उसने एक दशक में दुनिया के सबसे बड़े अवसंरचना परिवर्तन कार्यक्रमों में से एक को पूरा कर लिया है।

इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन न केवल पर्यावरण के अनुकूल है बल्कि ऊर्जा कुशल भी है। सड़क परिवहन की तुलना में रेल परिवहन में ष्टह्र उत्सर्जन में कमी निम्न प्रकार है (संदर्भ: नीति आयोग की रिपोर्ट, जिसका शीर्षक है 'भारत में माल ढुलाई को तेजी से सुगम बनाना', जून 2021)।

इसके अलावा, रेलवे ट्रैक के विद्युतीकरण से जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होती है, डीजल की खपत घटती है और इसके फ्लस्वरूप कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है। विद्युतीकरण से माल ढुलाई क्षमता और ट्रेनों की गति में सुधार होता है, जिससे यात्रा का समय कम होता है और दक्षता बढ़ती है।

विद्युतीकरण की वजह से 2024-25 में लगभग 108 करोड़ लीटर डीजल की खपत हुई, जो कि 2015-16 में 293 करोड़ लीटर थी।

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए विद्युतीकरण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**मुंबई।** 508 किलोमीटर लंबे मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर सिविल निर्माण एवं ट्रैक बिछाने के कार्यों की तीव्र प्रगति के साथ-साथ विद्युतीकरण कार्य भी तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

### भारत में अपनी तरह का पहला हाई-स्पीड रेलवे विद्युतीकरण

कॉरिडोर को एक उन्नत ओवरहेड ट्रैक्शन सिस्टम से लैस किया जा रहा है, जो दुनिया भर में हाई-स्पीड रेल के लिए इस्तेमाल होने वाली सबसे आधुनिक रेलवे विद्युतीकरण तकनीकों में से एक है।

यह तकनीक भारत में पहली बार शुरू की जा रही है और इसे खासतौर पर उन ट्रेनों के लिए स्थिर और निरंतर विद्युत आपूर्ति देने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो 320 कि.मी./घंटा की गति से चलती हैं। राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड से बिजली की आपूर्ति विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए ग्रिड सबस्टेशनों तक की जाएगी,



जहाँ से इसे कॉरिडोर के साथ रणनीतिक रूप से स्थापित 14 ट्रैक्शन सबस्टेशनों तक पहुँचाया जाएगा। पांच (5) ट्रैक्शन सबस्टेशन महाराष्ट्र (मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर और ठाणे डिपो) में स्थित हैं, जबकि शेष नौ (9) गुजरात (वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, महेमदाबाद, अहमदाबाद और साबरमती डिपो) में स्थित हैं।

ये सब-स्टेशन रूट के अलग-अलग हिस्सों को बिजली सप्लाई करेंगे। इससे यह पक्का होगा कि जब बुलेट ट्रेन एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जाएगी, तो बिजली सप्लाई में बदलाव बिना किसी रुकावट के और यात्रियों को पता चले बिना ही हो जाएगा।

## कश्मीर के अनंतनाग में आतंकी हमला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के लाल चौक इलाके में बुधवार को आतंकियों ने पुलिस पर हमला किया। इसमें हेड कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक दोपहर करीब 12:30 बजे आतंकियों ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर अचानक फायरिंग की। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों तरफ से गोलियां चलीं। इस दौरान हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हमले के बाद आतंकी भाग गए। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। जिस जगह फायरिंग हुई, वह शहर का मुख्य बाजार है। यहां आम दिनों में भी काफी भीड़ रहती है।

# महतारी वंदन योजना से माताओं और बहनों के जीवन में आया आत्मविश्वास और आर्थिक स्वावलंबन : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

## इमर्जिंग छत्तीसगढ़ङ्कसशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हुए शामिल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर में आयोजित 'इमर्जिंग छत्तीसगढ़ङ्कसशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने महिला सशक्तिकरण, बस्तर के विकास, रोजगार, उद्योग, पर्यटन, सुशासन और सामाजिक सुधारों पर राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को विस्तार से रखा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ केवल एक राज्य नहीं, बल्कि हम सभी के लिए छत्तीसगढ़ महतारी है। यह माता कौशल्या की पावन जन्मभूमि और भगवान श्रीराम का ननिहाल है। भारतीय संस्कृति में नारी को सर्वोच्च सम्मान देने की परंपरा रही है। उन्होंने वेदों का उल्लेख करते हुए कहा कि ÷यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता÷ अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश की लगभग 68 लाख 50 हजार विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह एक हजार रुपये सीधे उनके बैंक खातों में दिए जा रहे हैं। अब तक 29 किश्तों के माध्यम से लगभग 18 हजार 800 करोड़ रुपये महिलाओं के खातों में अंतरित किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि जब वे गांवों का दौरा करते हैं तो माताओं और बहनों के चेहरों पर इस योजना से आया आत्मविश्वास और संतोष स्पष्ट दिखाई देता है। बातचीत के दौरान माताएं और बहनें बताती हैं कि किसी ने अपनी बेटी के भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश किया है, किसी ने सिलाई मशीन खरीदकर रोजगार शुरू किया है तो किसी ने किराना या सब्जी की दुकान खोलकर आय बढ़ाई है। इससे माताएं और बहनें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और परिवार की निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी भी बढ़ी है।

दानसरा गांव की माताओं और बहनों ने महतारी वंदन की राशि से शुरू किया राम मंदिर निर्माण



मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के दानसरा गांव की माताओं और बहनों ने महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि को एकत्र कर भगवान श्रीराम के मंदिर के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि यह इस योजना का सबसे प्रेरक उदाहरण है कि महिलाएं इस राशि का उपयोग समाज और संस्कृति के संरक्षण के लिए भी कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2 लाख 86 हजार महिला स्व-सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनसे लगभग 30 लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इन्हें रेडी-टू-ईट कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है तथा ऋण एवं अन्य आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि चार-पांच दशकों तक नक्सल हिंसा से प्रभावित रहा बस्तर अब तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति, सुरक्षा बलों के अदम्य साहस और स्थानीय जनता के सहयोग से बस्तर में शांति स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कैंप स्थापित करने के साथ-साथ विकास की योजनाओं को भी समानांतर रूप से आगे बढ़ाया गया। पहले सुरक्षा शिविरों के पांच किलोमीटर दायरे तक योजनाओं का लाभ पहुंचता था, जिसे अब बढ़ाकर दस किलोमीटर तक किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत अब 500 से अधिक गांवों को जोड़ा जा चुका है। लगभग 17 विभागों की 40 से अधिक योजनाओं का लाभ इन गांवों तक पहुंचाया जा रहा है। यहां लोगों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत लगभग 36 लाख लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तथा गंभीर रोगियों को बेहतर उपचार के लिए बड़े अस्पतालों में रेफर किया गया। वहीं बस्तर मुन्ने योजना के माध्यम से अधिकारी स्वयं दूरस्थ गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में इंद्रावती नदी पर देउरगांव एवं मटनार सिंचाई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जिनसे लगभग 80 हजार एकड़ भूमि सिंचित होगी।

उन्होंने कहा कि चित्रकोट जलप्रपात, कुटुमसर गुफाएं, अबूझमाड़ के विशाल वन तथा धुड़मारास जैसे गांव बस्तर को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित कर रहे हैं। नई औद्योगिक नीति में होम-स्टे को भी शामिल किया गया है, जिसके तहत पांच कमरों तक के होम-स्टे निर्माण के लिए ऋण और सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इमली, महुआ, हर्रा, बहेड़ा, सीताफल और औषधीय वनोपजों का मूल्य संवर्धन कर स्थानीय लोगों की आय बढ़ाई जा रही है। नेतानार जैसे गांवों में सेवा डेरा के माध्यम से महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई, पैकेजिंग तथा अन्य आजीविका आधारित प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। आईआईटी की टीम भी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास का कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मांतरण समाज के लिए गंभीर चुनौती है। विभिन्न राज्यों के कानूनों का अध्ययन कर छत्तीसगढ़ में धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम, 2026 लागू किया गया है। इसके तहत धर्म परिवर्तन करने ।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री, संभाग प्रभारी, सह प्रभारियों की बैठक संपन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में बुधवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री, संभाग प्रभारी एवं सह प्रभारियों की बैठक आहूत की गई। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय सहित पाँचों संभाग के प्रभारी एवं सह प्रभारी मौजूद थे।

### भाजपा प्रदेश प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सह-संयोजकों की बैठक संपन्न

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में भाजपा प्रदेश प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सह-संयोजकों की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय, समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी अवधेश चंदेल, सह प्रभारी चुन्नीलाल साहू मौजूद रहे।

समस्त प्रकोष्ठों की बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने सभी प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सह-संयोजकों को नवीन दायित्व के लिए बधाई दी और कहा कि हमें संगठन के कार्यों को नीचे तक लेकर जाना है। साथ ही पार्टी द्वारा दिए गए दायित्वों को समय पर पूरा करना है और प्रकोष्ठ की मजबूती के लिए सभी प्रकोष्ठों का विस्तार भी करना है।

इस दौरान बैठक में सभी प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सह-संयोजक मौजूद रहे।

## प्रयोगशाला परिचालक भर्ती परीक्षा 26 को, 16 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल, रायपुर द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचालक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा (पीएसएलए-26) का आयोजन 26 जुलाई 2026 (रविवार) को जिले के 52 परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित होगी। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सोसायटी सभाकक्ष में ब्रीफिंग मीटिंग आयोजित की गई।

परीक्षा के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर उत्तम प्रसाद रजक को नोडल अधिकारी तथा विशेष रोजगार कार्यालय, रायपुर के रोजगार अधिकारी केदारनाथ पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

परीक्षा में कुल 16 हजार 987 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री का वितरण 26 जुलाई को प्रातः 6:00 बजे जिला कोषालय, कलेक्टर परिसर, रायपुर से किया जाएगा।नोडल अधिकारी ने परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी पर्यवेक्षकों तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पेयजल, विद्युत, बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं तथा आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।उन्होंने पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक परीक्षार्थी के परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व फ्रिस्किंग की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण कराई जाए।

## विधायक राजेश मूणत का नगर निगम के पार्षदों एवं अधिकारियों को सुझाव

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर पश्चिम विधायक प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर नगर निगम के जोन 1, 5, 7, 8 के वार्डो कुल 20 वार्डो के कार्यो की गहन समीक्षा लगातार लगभग 5 घंटे समीक्षा बैठक लेकर की एवं नगर निगम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश नगर हित में दिये। मंच पर रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत सहित नगर पालिक निगम रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकांत राठौड, आयुक्त श्री संबित मिश्रा सहित अपर आयुक्तगणों एवं ऑडिटोरियम में पश्चिम विधानसभा के वार्डो के पार्षदगणों, जोन अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने रायपुर शहर के हित को सर्वोपरि रखते हुए नगर निगम रायपुर के पार्षदों एवं अधिकारियों को समस्याओं का समाधान कर मिल जुलकर रायपुर शहर को स्वच्छ सुन्दर सुव्यवस्थित राजधानी के रूप में विकसित करने का संकल्प लेकर कार्य में जुट जाने का सुझाव दिया है।



रायपुर पश्चिम विधायक एवं प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत ने नगर निगम जोन 1,5, 7, 8 के संबंधित जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं से जोन अंतर्गत रायपुर पश्चिम विधानसभा अंतर्गत रायपुर नगर निगम के वार्डो में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ सर्वेक्षण के क्रियान्वयन, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, नाले नालो की सफाई, जल भराव, पेयजल व्यवस्था विकास कार्यों की प्रगति वेंडिंग जोन विकास कार्य सहित विविध विषयों पर विस्तृत जानकारी लेकर उसकी समीक्षा करते हुए जोन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। रायपुर पश्चिम विधायक ने संबंधित क्षेत्र के पार्षदों से चर्चा कर उनके सुझाव लिए एवं वार्डो की जनसमस्याओं की जानकारी उनसे ली एवं सभी जनसमस्याओं का समाधान वार्ड पार्षदों के साथ मिल जुलकर राजधानी शहर क्षेत्र में सुनिश्चित करवाने के निर्देश नगर निगम अधिकारियों को दिये।

रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने कहा कि रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र के 20 वार्डो के क्षेत्रों में नियम विपरीत कोई कार्य कदापि सहन नहीं किया जायेगा। अवैध निर्माणों, अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जो पर नियमानुसार प्रक्रिया के तहत लगातार कार्यवाही हो। साथ ही राजस्व वसूली की जानकारी की समीक्षा करते हुए रायपुर पश्चिम विधायक ने नियमानुसार राजस्व वसूली करने एवं व्यवस्था अंतर्गत नियमानुसार यूजर चार्ज लिए जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

रायपुर पश्चिम विधायक ने जोन 1, 5, 7,8 राजस्व विभाग द्वारा संपत्तिकर की यूजर चार्ज सहित वसूली संबंधी जानकारी का अवलोकन किया। उन्होने सफाई व्यवस्था सुदृढ बनाने एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन रामकी कंपनी के माध्यम से प्रभावी तरीके से करवाना प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि रायपुर नगर निगम द्वारा नागरिको को राजधानी शहर के अनुरूप मौलिक सुविधाएं देने की प्रशासनिक व्यवस्था देनी चाहिए एवं शहर का विकास राजधानी शहर की भांति करने का कार्य संकल्प पूर्वक करना चाहिए। उन्होने जोन अधिकारियों पर इसे लेकर गहन नाराजगी व्यक्त की कि नियमानुसार प्रक्रिया के तहत अवैध विज्ञापन होर्डिंग पर कार्यवाही क्यो नहीं की गई। नियमानुसार कार्यवाही प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने रायपुर पश्चिम विधायक एवं प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत को नगर निगम रायपुर के जनप्रतिनिधि पार्षदों की ओर से रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेने पर हार्दिक धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि समीक्षा बैठक से जनता के मध्य कामों के लिए समुचित समाधान अवश्य निकलेगा। महापौर ने अधिकारियों से राजधानी शहर में जलभराव एवं पेयजल की समस्या को दूर करने की ओर अपना फोकस रखने के निर्देश दिये।

## नगर निगम जोन 9 क्षेत्र में अवैध शेड निर्माण हटाने की कार्रवाई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर शहर नगर पालिक निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। आज इस क्रम में नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 9 क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम जोन 9 नगर निवेश विभाग एवं नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग



उड़नदस्ता की संयुक्त टीम द्वारा लाभांडी चौक स्थित निर्मित अवैध शेड के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा के निर्देश पर सहायक अभियंता अधिकारी श्री सैय्यद जोएब एवं उप अभियंता श्री रवि प्रभात साहू की स्थल पर उपस्थिति में नगर निगम जोन 9 के अमले द्वारा की गई।स्थल निरीक्षण के दौरान बिना सक्षम अनुमति निर्मित अवैध शेड पाए जाने पर जेसीबी एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की सहायता से उसे हटाया गया।रायपुर नगर पालिक निगम ने एक बार पुनः स्पष्ट किया है कि बिना वैधानिक स्वीकृति के किए गए किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के विरुद्ध भविष्य में भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगी।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.), फोन नं.-0771-2991574
email Id- eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **दीनदयाल आवास योजना, सेजबहार/दतरेंगा, रायपुर** में स्थित भवन क्र. एल.आई.जी.-1220, **(1) श्री पुरन दास कठुरे पिता श्री शिवप्रसाद कठुरे (2) श्रीमती सरोजनी कठुरे पति श्री पुरन दास कठुरे** के नाम पर इस कार्यालय का नामांतरण आदेश **क्रमांक 247 दिनांक 20.01.2020** द्वारा नामांतरित है। नामांतरि **(1) श्री पुरन दास कठुरे पिता श्री शिवप्रसाद कठुरे (2) श्रीमती सरोजनी कठुरे पति श्री पुरन दास कठुरे, दोनों निवासी:-गुरू घासीदास चौक, सरोना, रायपुर (छ.ग.)** द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती सत्यभामा सोनवानी पति श्री ललित राम सोनवानी, निवासी:-जी-1/टी/63, अरमापुर एस्टेट, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश**-208009 के पक्ष में विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)**



क्रमांक /652/ लो.नि./ न.पं. / 2026-27 — शिवनंदनपुर, दिनांक-22/07/2026

**प्रथम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| System Tender no | Estimated Amount (Lakh) | Earnest Money Deposit | Bid Submission Start Date & Time | Bid Due Date & Time | Physical Document Submission Date & Time | Bid Open Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 195914 | 30.00 | 22500.00 | 22/07/2026 After 17.30 PM | 13/08/2026 Before 17.30 PM | 18/08/2026 Before 14.00 PM | 18/08/2026 After 15.00 PM |

टीप:-
03. उपरोक्त कार्यों की निविदा की समान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेत व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
04. विज्ञापन की प्रति cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत शिवनंदनपुर**
**जिला सूरजपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33611/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 22-07-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 33611**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR235D00239** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. GEETA WADHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE RAMESH WADHWAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री हरेश कुमार आहूजा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री राधा किशन आहूजा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33612/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 22-07-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 33612**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR225A00122** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHEEL KUMAR MAKHIJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. **कीर्ती माखीजा** 2. **हिमांशु माखीजा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. श्री शील कुमार माखीजा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ .... / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33614/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 22-07-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 33614**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR235G00199** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **JASPAL SINGH S/O JAGJIT SINGH , DALJIT KAUR W/O JAGJIT SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री जसपाल सिंह मलहोत्रा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री जगजीत सिंह मलहोत्रा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **टाटीबंध कालोनी रायपुर में निर्मित एल. आई. जी. भवन योजना के अंतर्गत** भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक **LIG-131 श्री विवेक बर्मन पिता श्री स्व. एन. के. बर्मन को भाड़ाक्रय**/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 24/03/2017** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 13/07/26** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा **भूपिन्दर कौर पति श्री चरनप्रीत सिंह धुंधू** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./33587/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 33587**
**वार्ड का नाम-24- सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 24 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR818E0571G** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VIJAY KHANDELWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PUROSHOTTAM DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. निशा खंडेलवाल पति विजय खंडेलवाल 2. शाहिल खंडेलवाल पिता विजय खंडेलवाल 3.काव्या खंडेलवाल पिता विजय खंडेलवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./33591/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 33591**
**वार्ड का नाम-24- सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 24 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR818A00049** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. GEETA YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DEVNATH YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सरला शर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **अमित शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./33592/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 21-07-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 33592**
**वार्ड का नाम-24- सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 24 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR818A00556** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GANGA BAI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAKESH SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **राकेश विभार** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. हिम्मत विभार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, मलमा बिक्रीनामना** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# नाथूलाल पांडेय की यूनियन एच एम एस में बगावत, दो फाड़ हुई संगठन, रेशम लाल यादव और अख्तर जावेद उस्मानी के नेतृत्व में सैकड़ों दिग्गज कोयला मजदूर पंचायत में शामिल

## एसईसीएल के इतिहास का सबसे बड़ा दलबदल, नेताओं ने बदला पाला

गोपाल सिंह विद्रोही





**बिश्रामपुर (दैनिक विश्व परिवार)** एसईसीएल के कोयला श्रमिक राजनीति में आज उस वक्त एक बड़ा भूचाल आ गया जब नाथूलाल पांडेय के नेतृत्व वाली यूनियन में बड़ी बगावत हो गई संगठन पूरी तरह दो फाड़ हो गया है हिंद खदान मजदूर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशम लाल यादव और कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य व उप महामंत्री अख्तर जावेद उस्मानी के नेतृत्व में आठ एरिया के सैकड़ों प्रमुख श्रमिक नेताओं और उनके समर्थकों ने कोयला मजदूर पंचायत (।।रूस) का दामन थाम लिया है । एसईसीएल के इतिहास में इतनी बड़ी संख्या में किसी मान्यता प्राप्त यूनियन को छोड़कर दूसरी यूनियन में शामिल होने की यह अब तक की सबसे बड़ी घटना मानी जा रही है ।

**बैठक में बनी रणनीति, भ्रष्टाचार के खिलाफ खोला मोर्चा**- आज गेवरा क्षेत्र स्थित हिंद खदान मजदूर फेडरेशन के कार्यालय में दोपहर 12 बजे से कोयला मजदूर सभा के प्रमुख पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई बैठक में एसईसीएल के आठ अलग-अलग एरिया के दिग्गज नेता शामिल हुए नेताओं ने एक सुर में नाथूलाल पांडेय पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि वे उनके तानाशाही और भ्रष्टाचार से तंग आ चुके थे इसी कारण सभी ने अपने समर्थकों के साथ विनय सिंह के नेतृत्व में संचालित कोयला मजदूर पंचायत (।।रूस) में शामिल होने का ऐतिहासिक निर्णय लिया ।

**केंद्रीय महामंत्री विनय सिंह ने पहनाया सदस्यता का संकल्प**- दोपहर 3 बजे कोयला मजदूर पंचायत (।।रूस) के केंद्रीय महामंत्री विनय सिंह के आगमन पर मिलन समारोह की शुरुआत हुई विनय सिंह ने दल-बदल कर आए सभी वरिष्ठ श्रमिक नेताओं और पदाधिकारियों को माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें संगठन की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई ।

इस संक्षिप्त एवं गरिमामयी कार्यक्रम में कोयला मजदूर पंचायत के केंद्रीय सचिव संजय सिंह उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह तवर परवेज अजीजी मनोज सिंह बाबू लाल बारेठ विमल दास महंत रमेश ऊईके और सुरेश महिलंगे सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

**शामिल होने वाले प्रमुख चेहरे**- यूनियन बदलने वाले प्रमुख नेताओं में सर्वश्री रेशम लाल यादव (राष्ट्रीय अध्यक्ष) अख्तर जावेद उस्मानी (उप महामंत्री व कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य) तरुण राहा (दीपका क्षेत्र) एस.सी. मंसूरी (गेवरा) शिव नारायण मिश्रा (सोहागपुर) ए. विश्वास (कोरबा) मिलन पांडेय (कुसमुंडा) बरत लाल खुटे राकेश बेंजामिन (ष्टश्वद्धस्र गेवरा) और ए.एस.डी. मानिकपूरी (गेवरा क्षेत्र प्रमुख) सृष्टिधर तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं ।

सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए सभी श्रमिक नेताओं ने एकजुट होकर कहा हम सब ने कोयला मजदूर पंचायत के बायलॉज (उप-नियमों) के अनुरूप यूनियन को और अधिक मजबूत तथा बेहतर बनाने का संकल्प लिया है अब एसईसीएल के गेवरा दीपका सहित कोरबा जिले की तमाम कोयला खदानों के मजदूरों की समस्याओं के खिलाफ पूरी ताकत से आवाज बुलंद की जाएगी इसके साथ ही कोयला मजदूर पंचायत के सांगठनिक ढांचे को विस्तार देकर इसे नंबर वन यूनियन बनाया जाएगा ।

# कलेक्टर ने किया कृष्णपुर व बतरा जलाशय का निरीक्षण

## बारिश को देखते हुए जलस्तर की सतत मॉनीटरिंग के दिये निर्देश



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**- कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने आज कृष्णपुर जलाशय एवं बतरा जलाशय का निरीक्षण कर निर्माण एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आगामी सत्र में बतरा जलाशय की डिसिल्टिंग हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे जलाशय की जल भराव क्षमता बनी रहे। इसके साथ ही उन्होंने बांध के हेड स्लूज़ के पैरापेट में गेट एवं रैलिंग लगवाने के निर्देश भी दिए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को रोका जा सके। मौके पर उपस्थित जल संसाधन विभाग के अभियंता को कलेक्टर ने जल स्तर की सतत् मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिले में लगातार हो रही बारिश को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निरंतर हो रही बारिश के मद्देनजर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव के लिए सभी संबंधित अधिकारी पूरी तरह सजग एवं मुस्तैद रहें, तथा स्थिति पर निरंतर निगरानी रखें। निरीक्षण के अवसर पर कार्यपालन अभियंता जल संसाधन श्रीमती तरन्नूम खानम, एसडीओ श्री लोकेश पटेल व अनमोल सांडिल्य उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पटवारी, सचिव एवं संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की वस्तुस्थिति से समय-समय पर एसडीएम व तहसीलदारों को अवगत कराते रहें, जिससे किसी भी परिस्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को भी सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

संभावित प्राकृतिक आपदाओं से बचाव एवं राहत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संयुक्त जिला कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07775-266116 निर्धारित किया गया है, जिस पर आमजन किसी भी प्राकृतिक आपदा अथवा आपात स्थिति की सूचना तत्काल दे सकते हैं, ताकि त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

# फिनोलेक्स केबल्स ने रायपुर में स्मार्ट होम सॉल्यूशंस और आधुनिक इलेक्ट्रिकल उत्पादों की श्रृंखला पेश की

## बाजार से 50 प्रतिशत से अधिक राजस्व वृद्धि का लक्ष्य



**रायपुर:** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिकल और कम्युनिकेशन केबल निर्माता कंपनियों में से एक तथा विश्वसनीय इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस प्रदाता फिनोलेक्स केबल्स लिमिटेड ने आज रायपुर में अपने स्मार्ट और आधुनिक उत्पादों की नई श्रृंखला पेश की। यह लॉन्च आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नए उत्पादों के साथ-साथ रिटेलर नेटवर्क का विस्तार और चैनल पार्टनर्स को मजबूत बनाकर कंपनी इस बाजार से 50त्न से अधिक राजस्व वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रही है।

कंपनी ने अपने नवीनतम स्मार्ट होम सॉल्यूशंस के तहत स्मार्ट स्विच और स्मार्ट डोर लॉक पेश किए। इसके साथ ही क्यूपिड 5एस बीएलडीसी फैन, एंडुरा एवं नोवा सोलर पीवी केबल्स तथा फायर अलार्म केबल्स भी लॉन्च किए गए। यह नई श्रृंखला नवाचार, सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता और भरोसेमंद प्रदर्शन पर कंपनी के निरंतर फोकस को दर्शाती है।

रायपुर जैसे शहरों में तेजी से हो रहे शहरीकरण, आवासीय विकास और डिजिटल तकनीकों को बढ़ते अपनाने के कारण उपभोक्ताओं की मांग अब स्मार्ट, कनेक्टेड और ऊर्जा दक्ष घरेलू समाधानों की ओर बढ़ रही है। फिनोलेक्स के नए उत्पाद इन्हीं बदलती जरूरतों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं, साथ ही गुणवत्ता और भरोसे की अपनी विरासत को भी कायम रखते हैं।

इस अवसर पर फिनोलेक्स केबल्स लिमिटेड के प्रेसिडेंट - सेल्स एंड मार्केटिंग, श्री अमित माथुर ने कहा,

आज उपभोक्ताओं की अपेक्षाएं तेजी से बदल रही हैं। घर पहले से अधिक स्मार्ट, ऊर्जा दक्ष और आपस में जुड़े हुए बन रहे हैं। फिनोलेक्स में नवाचार हमेशा हमारी उत्पाद रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। हमारी नई उत्पाद श्रृंखला उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा, बेहतर सुरक्षा और टिकाऊ जीवनशैली को समर्थन देने वाले समाधान उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमें खुशी है कि हम इन उत्पादों को रायपुर जैसे उभरते हुए बाजार में पेश कर रहे हैं, जहां आधुनिक इलेक्ट्रिकल समाधानों की मांग लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने आगे कहा, हमारा लक्ष्य इस बाजार में अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को और मजबूत करना तथा रिटेलर्स की संख्या बढ़ाना है। हमें विश्वास है कि इन नए उत्पादों के साथ हम पिछले वर्ष की तुलना में इस बाजार से 50 प्रतिशत से अधिक राजस्व वृद्धि हासिल करेंगे।

फिनोलेक्स के स्मार्ट होम सॉल्यूशंस को घरों में स्मार्ट ऑटोमेशन और बेहतर सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। स्मार्ट स्विच और स्मार्ट डोर लॉक उपभोक्ताओं को अधिक नियंत्रण, सुविधा और सुरक्षा प्रदान करते हैं तथा आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप सहज अनुभव देते हैं।

ऊर्जा दक्ष उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनी ने क्यूपिड 5एस बीएलडीसी फैन भी पेश किया है, जो पारंपरिक सीलिंग फैन की तुलना में कम बिजली की खपत के साथ बेहतर एयर सर्कुलेशन प्रदान करता है।

देश में अक्षय ऊर्जा के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने एंडुरा एवं नोवा सोलर पीवी केबल्स भी प्रदर्शित किए। ये केबल्स रूफटॉप और बड़े सोलर प्रोजेक्ट्स के लिए विकसित किए गए हैं तथा कठिन मौसम की परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन, प्रभावी बिजली संचरण और लंबी कार्यक्षमता सुनिश्चित करते हैं।

सुरक्षा से जुड़े अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को और मजबूत करते हुए कंपनी ने फायर अलार्म केबल्स भी लॉन्च किए हैं। ये केबल्स फायर डिटेक्शन और इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम में भरोसेमंद सिग्नल ट्रांसमिशन सुनिश्चित करते हैं, जिससे घरों और व्यावसायिक परिसरों की सुरक्षा को और मजबूती मिलती है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2026 में सूरजपुर जिले के किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं कृषि विभाग ने की अपील



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ के अंतर्गत सूरजपुर जिले के किसानों से फसल बीमा कराने की अपील की गई है। भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी (एआईसी) द्वारा प्रदेश के 10 जिलों में संचालित किया जा रहा है, जिनमें सूरजपुर भी शामिल है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जिले के समस्त किसान भाई-बहनों से अपील करते हुए कहा कि फसल बीमा योजना किसानों की आर्थिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से फसल को होने वाले नुकसान की भरपाई इस योजना के माध्यम से संभव है, इसलिए सभी ऋणी एवं अऋणी किसान समय-सीमा के भीतर अपना नामांकन अवश्य कराएं। उन्होंने विशेष रूप से आधार प्रमाणीकरण को अनिवार्य बताते हुए किसानों से बैंक खातों में आधार अद्यतन कराने की भी अपील की, ताकि बीमा दावे के भुगतान में किसी प्रकार की बाधा न आए। उप संचालक कृषि सुश्री सम्पदा पैकरा ने बताया कि जिले में ग्राम स्तर पर धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का एवं सोयाबीन तथा राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर मूंगफली, तुअर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी की फसलें अधिसूचित की गई हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम जमा करना होगा, शेष राशि का वहन केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। उन्होंने किसानों को यह भी सलाह दी कि किसी भी स्थानीय आपदा या फसल कटाई उपरांत नुकसान की स्थिति में 72 घंटे के भीतर संबंधित बैंक, सीएससी, कृषि/राजस्व कार्यालय अथवा टोल फ्री नंबर 14447 पर सूचना अवश्य दें, जिससे समय पर नुकसान का आकलन कर दावा राशि उपलब्ध कराई जा सके। अऋणी किसान अपना नामांकन नजदीकी बैंक शाखा, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र, डाकघर अथवा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (एनआईसीपी) के माध्यम से करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, भू-अभिलेख (बी-1, पी-2), बैंक पासबुक का प्रथम पृष्ठ, मोबाइल नंबर, फसल बुवाई प्रमाण-पत्र तथा आवश्यकतानुसार बटाईदार/काश्तकार घोषणा पत्र एवं केसीसी संबंधी स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। जो ऋणी किसान योजना से बाहर रहना चाहते हैं, उन्हें 'ऑप्टिंग-आउट फॉर्म' कटऑफ तिथि से 7 दिन पूर्व संबंधित बैंक शाखा में जमा करना अनिवार्य होगा। कलेक्टर श्रीमती जमील एवं उप संचालक कृषि सुश्री सम्पदा पैकरा ने संयुक्त रूप से जिले के किसानों से अपील की कि फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 से पहले अपना नामांकन अवश्य करा लें, ताकि किसी भी अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा की स्थिति में उन्हें आर्थिक क्षति से सुरक्षा मिल सके।

# शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर में शाला प्रबंधन समिति का गठन, अध्यक्ष व सदस्यों ने ली शपथ



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर में अध्ययनरत छात्राओं के अभिभावकों की आमसभा आयोजित कर शाला विकास समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया सुनिश्चित कराई गई।

बैठक में उपस्थित अभिभावकों में से श्री कृष्ण कुमार पगारिया पुरुष संवर्ग से एवं श्रीमती रिंकू सेन महिला संवर्ग ने समस्त उपस्थित अभिभावकों का प्रतिनिधित्व करते हुए निर्विरोध रूप से अभिभावक श्रीमती श्यामा पाण्डेय के नाम का प्रस्ताव एसएमसी अध्यक्ष पद हेतु रखा, जिसका उपस्थित सभी अभिभावकों ने ध्वनिमत से समर्थन किया। सर्वसम्मति से श्रीमती श्यामा पाण्डेय को अध्यक्ष तथा श्रीमती अंजू ताम्रकार को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। साथ ही समिति के अन्य सदस्यों का भी सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया। इसके साथ ही समिति के सदस्य के रूप में श्रीमती बिलकिस बानो, श्रीमती प्रियंका कुशवाहा, श्रीमती निखत फातिमा, श्रीमती तमन्ना खातून, श्रीमती रिंकू सेन, श्रीमती हेमावंती प्रजापति, श्रीमती हीरामती राजवाड़े, श्रीमती कलावती, श्री भुवनेश्वर, श्री मुकेश, श्री काशीराम पैकरा, श्री रामसेवक ठाकुर, श्री रामअवतार कुशवाहा, श्री जय शर्मा, श्री कुमसाय प्रजापति, श्री महेंद्र दास, श्री समय लाल, श्रीमती अनिता एवं श्रीमती फूलमती को सर्वसम्मति से समिति का सदस्य चुना गया।

नियमानुसार समिति के सदस्यों के रूप में 50त्न महिला सदस्य एवं 50त्न पुरुष सदस्यों का निर्वाचन किया गया।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती श्यामा पाण्डेय ने समिति के सभी सदस्यों को शाला प्रबंधन समिति के उद्देश्य, कार्य एवं कर्तव्यों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक सदस्य विद्यालय के शैक्षणिक एवं भौतिक विकास, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने सभी सदस्यों से अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक पालन करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सहयोग करने का आह्वान किया।

बैठक के पश्चात नव निर्वाचित एसएमसी अध्यक्ष के अनुमति से स्वास्थ्य विभाग से आए चिकित्सकों ने उपस्थित महिलाओं एवं अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचपीवी (।।क्क्ङ) टीका महिलाओं को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने का प्रभावी माध्यम है तथा समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से जिन बच्चियों की उम्र 14 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और 15 वर्ष पूर्ण होने से बची है उन्हें टीका लगाने हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य ने बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का समापन विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु सभी सदस्यों के सामूहिक सहयोग एवं सहभागिता के संकल्प के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### सैमसंग ने लॉन्च की फोल्डेबल की 8वीं पीढ़ी: गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा, फोल्ड8 और फ्लिप8

**गुरुग्राम:** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपना अब तक का सबसे संपूर्ण गैलेक्सी Z लाइनअप पेश किया और तीन ऐसी डिवाइसेस के साथ अपने फोल्डेबल पोर्टफोलियो का विस्तार किया, जो लोगों के काम करने, कुछ नया रचने और आपस में जुड़े रहने के अलग-अलग तरीकों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। इस नए लाइनअप में नया गैलेक्सी Z फोल्ड8 फॉर्म फैक्टर, गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा और गैलेक्सी Z फ्लिप8 शामिल हैं। नई गैलेक्सी Z सीरीज़ बड़ी स्क्रीन, कवर डिस्प्ले और फ्लेक्सिबल डिजाइन के लिए खास तौर पर तैयार किए गए अनुभवों के जरिए गैलेक्सी एआई को रोजमर्रा की जिंदगी के और करीब लाती है। पूरे लाइनअप में एआई अब पहले से ज्यादा पर्सनल, प्रोएक्टिव और कनेक्टेड है, जो यूजर्स को कम स्टेप्स में काम पूरा करने में मदद करता है, और साथ ही पारदर्शिता, प्राइवेसी और यूजर कंट्रोल को भी पूरी तरह बनाए रखता है।

**गैलेक्सी Z फोल्ड8: डिस्कवरी के लिए तैयार**- गैलेक्सी Z फोल्ड8 एक नया फोल्डेबल अनुभव लेकर आया है, जिसे इस बात को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है कि लोग दिनभर किस तरह से कंटेंट का इस्तेमाल करते हैं। इसका 10:16 कवर डिस्प्ले मैसेजिंग, ब्राउज़िंग और शॉर्ट फॉर्मेट वीडियो देखने के लिए एक स्वाभाविक स्मार्टफोन अनुभव देता है, जबकि 4:3 मुख्य डिस्प्ले पढ़ने, गेमिंग, स्ट्रीमिंग और मल्टीटास्किंग के लिए एक बड़े कैनवास में बदल जाता है। जब इसे घुमाया जाता है, तो डिस्प्ले का अनुपात आर्टिकल्स और ई-बुक्स पढ़ने के लिए और भी बेहतर हो जाता है।

### एचडीएफसी इर्गो ने छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की

**बिलासपुर ।** भारत में प्राइवेट सेक्टर की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ 2026 सीजन के लिए बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा और सुकमा जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है। इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत अधिसूचित निम्नलिखित फसलों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए फसलों के अनुसार अंतिम तिथियाँ भी जारी कर दी गई हैं। पीएमएफबीवाई + ए1: जी18 खरीफ 2026 जिले और फसल के अनुसार बीमा की राशि और किसान के लिए प्रीमियम की दर, प्रति हेक्टेयर। पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, सैलाब, कीट, बीमारियों आदि जैसे कई बाहरी प्रकोपों से फसल को होने वाले नुकसान पर बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर उसका संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि किसान को फसल का नुकसान हुआ है, और इस नुकसान के लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा। इस योजना में फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें कटाई-पूर्व, कटाई के दौरान और कटाई के बाद के जोखिम शामिल हैं।

### आरबीआई के यूपीआई विज़न का हुआ एक नई हकीकत से सामना: 83 प्रतिशत उपयोगकर्ता रिवॉर्ड्स के लिए बदल रहे हैं प्लेटफॉर्म

भारत के यूपीआई इकोसिस्टम अब रोजाना 66 करोड़ से अधिक लेनदेन प्रोसेसकर रहा है और ग्राहकों की वफादारी को बढ़ावा देने में इसमें एक बुनियादीबदलाव देखने को मिल रहा है। एम्पावर इंडिया द्वारा प्राथमिक और द्वितीयकशोध के आधार पर, जिसमें कांतार का एक अध्ययन भी शामिल है, से पता चलाहै कि 89त्न यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान ऐप चुनते समय रिवॉर्ड्स और कैशबैकपर विचार करते हैं। वहीं, 83 प्रतिशत उपयोगकर्ता बेहतर रिवॉर्ड्स के लिए ऐप बदलनेके लिए तैयार हैं, जबकि 94 प्रतिशत लोग ऐप बदलते समय रिवॉर्ड्स को महत्वपूर्णमानते हैं। 88 प्रतिशत लोग बेहतर विकल्पों की पहचान करने के लिए यूपीआई ऐप्सकी सक्रिय रूप से तुलना करते हैं। यह दर्शाता है कि रिवॉर्ड्स अब केवलप्रमोशनल प्रोत्साहन नहीं रह गए हैं, बल्कि भुगतान से जुड़े निर्णयों को प्रभावितकरने वाला एक मुख्य कारक बन चुके हैं। ऐप बदलने वाले उपयोगकर्ताओं में से 59 प्रतिशत ने अपने पिछले प्लेटफॉर्म को छोड़नेका सबसे प्रमुख कारण खराब रिवॉर्ड्स और लाभों को बताया। इसकी तुलना में 64 प्रतिशत ने उपयोग में आसानी, 61 प्रतिशत ने विश्वास और सहायता, और 28 प्रतिशतनेभुगतान की सुविधा को कारण बताया।

# संपादकीय

## संसद या सियासी अखाड़ा ?

विचारधारा, नीति, कार्यक्रम, चुनाव घोषणापत्र आदि का आज क्या औचित्य रह गया है? अगर ये राजनीति के प्रेरक तत्व ना रहें, तो फिर पहलवानी के अखाड़े और संसद के बीच क्या फर्क रह जाएगा? मानसून सत्र की शुरुआत के साथ संसद का नज़ारा कुछ बदला नजर आएगा। यह संभवत: पहला मौका है, जब बिना चुनाव हुए सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के संख्या बल में गुणात्मक बदलाव हुआ दिखेगा। बजट सत्र के बाद तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव) बड़ी टूट-फूट हो चुकी है, जबकि एनसीपी (शरद पवार गुट) के रुख में बदलाव के संकेत मिले हैं। इससे बिना नया जनादेश आए ही सत्ताधारी एनडीए मजबूत हो गया है। इस हद तक कि अभी दो महीने पहले लोकसभा सीटों के परिसीमन के मकसद से लाया गया जो विधेयक गिर गया था, सत्ता पक्ष उसे फिर से लाने की तैयारी में दिखा है। इसी तरह विवादास्पद विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 और गिरफ्तारी होने पर 30 दिन के अंदर मुख्यमंत्री/ मंत्री पद खत्म करने का प्रावधान करने वाले विधेयक को भी लाने की चर्चा थी (जिसका इरादा शायद टाल दिया है)। पिछले सत्र तक इन विधेयकों के पारित होने की संभावना बेहद कमजोर थी। अभी भी इनके लिए सरकार संख्या बल का पूरा इंतजाम नहीं कर पाई है, लेकिन कुछ और जोड़-तोड़ में कामयाब रही, तो इनके पारित होने की संभावना बन सकती है। मगर यही समस्या है। वह संभावना 2024 में आए जनादेश की भावना के विपरीत होगी। मुद्दा है कि दांव-पेच से जनादेश की भावना को इस तरह धता बताने का चलन आम हो जाता है, तो फिर विचारधारा, नीति, कार्यक्रम, चुनाव घोषणापत्र आदि का क्या औचित्य रह जाएगा? ये राजनीति के प्रेरक तत्व ना रहें, तो फिर पहलवानी के अखाड़े में होने वाली जोर-आजमाईश और संसदीय प्रक्रियाओं के बीच क्या फर्क रहेगा? क्या उसके बाद भी संसद को बहस के जरिए अधिकतम संभव सहमति निर्माण का मंच माना जा सकेगा? दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत में इन प्रश्नों के उत्तर लगातार नकारात्मक होते गए हैं। संसद शोर, हंगामे, वॉकआउट, बहिष्कार, और कई बार तो शारीरिक बल के जरिए झड़पों का स्थल बनती चली गई है। नतीजतन, अधिवेशनों से पहले गंभीर बहस से ज्यादा अपेक्षा टकराव और तू तू-मैं- मैं की रहने लगी है। मानसून सत्र के पहले भी राजनीतिक क्षितिज पर यही माहौल हावी नजर आया है।

# इंग्लैंड की नई पार्टी का पैंतरा और बीरबल

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

यदि गहराई से खोजबीन की जाए तो पता चल जाएगा कि इंग्लैंड के आज भी जो चार पांच सौ धनी घराने हैं, वे सभी एशिया और अफ्रीका की लूट से ही बने हैं। बहुत अरसा पहले जब बाबा साहिब अंबेडकर ने इंग्लैंड में 'रुपए का मूल्य' विषय पर अपना पीएचडी थीसिस लिखकर सिद्ध किया था कि किस प्रकार इंग्लैंड सरकार हिंदुस्तान को लूट रही है तो वहां के तथाकथित निष्पक्ष परीक्षकों ने लम्बे समय तक उनकी पीएचडी की डिग्री रोके रखी थी। इंग्लैंड के राजवंश में जो कोहिनूर हीरा है, उसके मुकुट में जड़ा हुआ है, जिसे देखे बिना राजवंश को रात्रि की नींद नहीं आती, वह भारत से ही लूटकर ले जाया गया है इंग्लैंड की महज सात साल पुरानी पार्टी यूके रिफॉर्म और वहां की पूर्व गृहमंत्री बरेवरमैन के नए रिश्ते बने हैं और उन्होंने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। ब्रिटेन की सांसद सुएला बरेवरमैन ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के मंत्रिमंडल में गृहमंत्री थीं। उनकी मां उमा तमिल मूल की थीं और उनके पिता गोवा मूल के कैथोलिक ईसाई थे। लेकिन दोनों परिवार अरसा पहले मार्शल और केन्या में जाकर बस गए थे। वहां से कभी इंग्लैंड जाकर बस गए। वहां की राजनीति में सक्रिय हो गए। उनकी बेटी सुएला बरेवरमैन वकील थीं और वह भी माता पिता की विरासत को संभालती हुई इंग्लैंड की राजनीति में रुचि लेने लगीं। वह कंजर्वेटिव पार्टी के टिकट पर वहां की लोकसभा की सांसद चुनी गईं और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के मंत्रिमंडल में देश की गृहमंत्री बनीं। लेकिन हमास के आतंकियों ने जब इजरायल के सैकड़ों लोगों को अगवा कर उन्हें मारना शुरू किया तो जाहिर है ब्रिटेन में इसको लेकर रोष होता। लेकिन बरेवरमैन ने तब हमास के पक्ष में मोर्चा संभाल लिया। लोगों के विरोध को देखते हुए ऋषि सुनक ने इसे मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया। ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद बरेवरमैन ने प्रधानमंत्री पद के लिए भी जोर आजमाईश की, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। 2026 में बरेवरमैन ने पाला बदल लिया। वे 2024 में कंजर्वेटिव पार्टी की टिकट पर सांसद चुनी गई थीं। लेकिन वह 26 जनवरी 2026 को यूके रिफॉर्म पार्टी में शामिल हो गईं। यह पार्टी कोई बहुत पुरानी नहीं है। इसका गठन कुछ मित्रों ने आपस में मिल कर 2018 में किया था। बाद में पार्टी का नाम बदल कर




यूके रिफॉर्म कर दिया। बरेवरमैन को शायद लगा होगा कि उसके राजीतिक कैरियर और विचारधारा के लिए यही पार्टी उत्तम है। इस नई पार्टी का मत है कि इंग्लैंड में एशिया और अफ्रीका से आकर इतने लोग बस गए हैं कि इससे इंग्लैंड की अपनी संस्कृति और पहचान खतरे में पड़ गई है। इंग्लैंड के आर्थिक साधनों को ये बाहरी लोग खा रहे हैं। इस पर रोक लगनी चाहिए ताकि इंग्लैंड सुरक्षित रह सके। यही कारण है कि इस पार्टी को रेडिकल कंजर्वेटिव भी कहा जाता है। इसी बीच इंग्लैंड में एक नए विषय पर गोरों के कान खड़े होने लगे। लेबर और कंजरवेटिव दोनों ही पार्टियां चौकन्नी होने लगी थीं कि इस नए मामले का सामना कैसे किया जाए। माफी मांग कर या दुख प्रकट कर छुटकारा पा लिया जाए? यह विषय अफ्रीका में उठा है। एक अफ्रीकी देश जमैका में आजकल बहुत हो हल्ला हो रहा है कि इंग्लैंड जमैका से लोगों को धोखे से अमरीका महाद्वीप के देशों में ले गया और वहां उनको गुलाम बना लिया और उनके साथ जानवरों से भी बदतर व्यवहार किया। लाखों लोगों की मौत हो गई। अब जमैका में मांग उठ रही है कि इंग्लैंड की सरकार इसका मुआवजा दे। अपनी पुरानी पार्टी को छोड़ कर यूके रिफॉर्म में बरेवरमैन कुछ महीने पहले ही शामिल हुई हैं। जाहिर है उसे वहां अपनी उपस्थिति की घोषणा धमाके से ही करनी थी। इतने धमाके से कि पता चले कि वह इस नए मंच पर आने में चाहे लेट हो गई हों, लेकिन वैचारिक लिहाज से वह पुरानों से भी दो कदम आगे है। वैसे भी नया बना मुसलमान अल्लाह अल्लाह ज्यादा करता है। बरेवरमैन ने जोर शोर से कहना शुरू कर दिया कि भूतकाल में इंग्लैंड ने एशिया और अफ्रीका के देशों पर सैकड़ों साल राज किया था, उनका विकास किया, वहां सडकें, रेल की पटरियां बिछाईं और भवन बनाए। इस विकास पर इंग्लैंड के साधन लगे। अब समय आ गया है कि ये सभी देश इंग्लैंड के इस उपकार का ऋण उतारें और आज की इंग्लैंड सरकार को इसकी भरपाई करें। पैसा नहीं दे सकते तो कम से कम इंग्लैंड के इस उपकार के बदले इंग्लैंड का धन्यवाद तो करें। श्रीमती बरेवरमैन को लगा कि यह मांग अफ्रीका और एशिया के देश इंग्लैंड से मुआवजा मांगना शुरू करें उससे पहले ही इसका जवाब देना चाहिए। यदि वह सबसे पहले जवाब देंगी तो जाहिर है यूके रिफॉर्म पार्टी में उसकी स्थिति मजबूत होगी। तब वह इस नई पार्टी में पिछलग्गू नहीं बल्कि लीडर हो जाएगी। अब सवाल यह है कि यदि यह बात कोई गोरा करता तब तो बात समझ में आती लेकिन बरेवरमैन के पुरखे तो खुद इसी गुलामी या औपनेविशक अत्याचारों का शिकार रहे होंगे, उसे तो इंग्लैंड की सरकार को जिसका वह खुद हिस्सा है, कहना चाहिए था कि भूतकाल में वापस नहीं जाया जा सकता, लेकिन कोई भी सभ्य देश अपने पूर्वजों की अमानवीय कारनामों का शिकार लोगों की नई पीढ़ी से माफी तो मांग ही सकता है। लेकिन बरेवरमैन को तो स्वयं को एकमेव एंग्लो-सैक्सन से भी ज्यादा शुद्ध एंग्लो-सैक्सन सिद्ध करना है। इसलिए वह इतिहास में उन लोगों की कतार में जाकर खड़ी हो गईं जिन लोगों के पूर्वजों ने उनके सीधे साधे ईमानदार बाप-दादा को लूटा था। यदि गहराई से खोजबीन की जाए तो पता चल जाएगा कि इंग्लैंड के आज भी जो चार पांच सौ धनी घराने हैं, वे सभी एशिया और अफ्रीका की लूट से ही बने हैं। बहुत अरसा पहले जब बाबा साहिब अंबेडकर ने इंग्लैंड में 'रुपए का मूल्य' विषय पर अपना पीएचडी थीसिस लिखकर सिद्ध किया था कि किस प्रकार इंग्लैंड सरकार हिंदुस्तान को लूट रही है तो वहां के तथाकथित निष्पक्ष परीक्षकों ने लम्बे समय तक उनकी पीएचडी की डिग्री रोके रखी थी। इंग्लैंड के राजवंश में जो कोहिनूर हीरा है, उसके मुकुट में जड़ा हुआ है, जिसे देखे बिना राजवंश को रात्रि की नींद नहीं आती, वह भारत से ही लूटकर ले जाया गया है। इसमें कोई शक नहीं कि यूरोप के देशों ने समृद्धि एशिया और अफ्रीका के देशों के उन लोगों, जो मानवीय मूल्यों पर आचरण करने वाले थे, के खून से प्राप्त की है। यह ठीक है कि उनके पास मशीन पहले आ गई थी, लेकिन उस मशीन का उपयोग मानव कल्याण के लिए नहीं बल्कि एशिया और अफ्रीका के देशों का शोषण करने के लिए किया गया। दुर्भाग्य से आज भी अमरीका, जो समस्त यूरोप का समन्वित प्रतिनिधि है, और यूरोप के पश्चिमी जीवन मूल्यों का प्रतिनिधि है, उसी शोषण पर आधारित है। दोनों विश्व युद्ध और अभी मध्य पूर्व एशिया में चल रहा युद्ध अमरीका के इन्हीं शोषण मूल्यों पर आधारित है। इस पूरी लड़ाई में कुछ लोग 'मोर लायल दान सीजर्ज वाईफ' बन रहे हैं। बरेवरमैन उसी का उदाहरण है। बरेवरमैन के उदाहरण से यह भी कुछ सीमा तक समझा जा सकता है कि भारत अरबों, तुर्कों, मुगलों व यूरोप वालों का इतने लम्बे अरसे तक गुलाम कैसे रहा। तब भी बहुत से/सी बरेवरमैन दूसरे खेमे के साथ खड़े हो जाते थे। हमारे ही बहुत से बीरबल अकबर के दरबार में उसे चुटकुले सुना कर प्रसन्न करने की भौंडी हरकतें करते रहते थे। श्रीमती बरेवरमैन का दोष नहीं है। वह तो बहुत लम्बा सफर करके अब के अकबर के दरबार में पहुंची हैं और बीरबल बन कर चुटकुले सुना रही है।

## आलेख

# कमाल की है मूंग की दाल




हम इसे बीमारियों में क्यों खाते हैं.. ? सभी जानते हैं कि दालें प्रोटीन से भरपूर होती हैं, लेकिन दालों में सबसे उत्तम, स्वास्थवर्द्धक तथा शक्तिवर्द्धक दाल मूंग की होती है। मूंग की दाल की खास बात है कि यह सुपाच्य होती है। इसके अतिरिक्त मूंग की दाल में कार्बोहाइड्रेट, कई प्रकार के विटामिन, फॉस्फोरस और खनिज तत्व पाए जाते हें, जो अनेक बीमारियों से लड़ने की क्षमता रखते हैं।मूंग साबूत हो या धुली, पोषक तत्वों से भरपूर होती है।अंकुरित होने के बाद तो इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन्स की मात्रा दोगुनी हो जाती है।अंकुरित मूंग दाल में मैग्नीशियम, कॉपर, फोलेट, राइबोफ्लेविन, विटामिन-सी, फाइबर, पोटेशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन बी-6, नियासिन, थायमिन और प्रोटीन होता है। कुछ लोगों को लगता है कि मूंग दाल बीमारी में खाने के लिए होती है, जबकि मूंग दाल में इतने पौष्टिक तत्व होते है कि अपनी खुराक में उसे शामिल करना ही चाहिए। मात्र एक कटोरी पकी हुई मूंग की दाल में 100 से भी कम केलौरी होती है।इसे खाने के बाद लम्बे समय तक भूख नहीं लगती है।रात के खाने में रोटी के साथ एक कटोरी मूंग दाल खाने से भरपूर पोषण मिलता है और जल्द ही बढ़ा वजन कम होता है।इस तरह मोटापा घटने में मूंग दाल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शोध बताते हैं कि मूंग दाल खाने से त्वचा कैंसर से सुरक्षा भी मिलती है। मूंग की मदद से आसानी से रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है, साथ ही मूंग कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी कम करती है। ये सोडियम के प्रभाव को कम कर देती है, जिससे रक्तचाप बढ़ता नहीं है।मूंग आयरन की कमी को पूरा करने में सक्षम है।आमतौर पर, शाकाहारी लोग अपने खाने में कम आयरन लेते हैं।अपनी खुराक में मूंग को शामिल करके आयरन की कमी दूर की जा सकती है, जिससे एनीमिया का जोखिम भी अपनी आप कम हो जाएगा।दाद, खाज-खुजली की समस्या में मूंग की दाल को छिलके सहित पीस कर लेप बनाकर उसे प्रभावित जगह पर लगाने से लाभ होता है। टायफॉयड होने पर मूंग की दाल खाने से मरीज को बहुत आराम मिलता है। किसी भी बीमारी के बाद शरीर कमजोर हो जाता है। मूंग की दाल खाने से शरीर को ताकत मिलती है।मूंग की दाल के लेप से ज्यादा पसीना आना भी रुक जाता है।दाल को हल्का गर्म करके पीस लें। फिर इस पाउडर में कुछ मात्रा पानी की मिला कर लेप की तरह पूरे शरीर पर मालिश करें, ज्यादा पसीना आने की शिकायत दूर हो जाएगी।मूंग को अंकुरित करके भी उपयोग में लाया जा सकता है, यह बहुत ही गुणकारी और स्वास्थ्वर्द्धक है तथा इसके सेवन से अनेक रोगों से बचाव किया जा सकता है और मुक्ति पायी जा सकती है।अंकुरित मूंग का सेवन अवश्य करना चाहिए क्योंकि यह शरीर में आवश्यक तत्वों की कमी पूरी करती है और शरीर को मजबूत बनाती है।यह सुपाच्य भी है।इससे बेहतर शाकाहारी खाद्य सामग्री कोई नहीं होती है।अंकुरित मूंग में ग्लूकोज लेवल बहुत कम होता है इस वजह से मधुमेह रोगी इसे खा सकते हैं।अंकुरित मूंग के सेवन से पाचन क्रिया हमेशा सही बनी रहती है जिसके कारण पेट सम्बंधी समस्या नहीं होती है और जीवन खुशहाल रहता है। अंकुरित मूंग में शरीर के विषाक्त तत्वों को निकालने का गुण होता है। इसके सेवन से शरीर में विषाक्त तत्वों में कमी आती है और शरीर स्वस्थ तथा चुस्त रहता है। अंकुरित मूंग का नियमित सेवन करने से उम्र का असर जल्दी ही चेहरे पर दिखाई नहीं देता है।अंकुरित मूंग में पेप्टिसाइड होता है जो रक्तचाप को संतुलित रखता है और शरीर को स्वस्थ एवं सुदृढ़ बनाए रखने में कारगर होता है। अंकुरित मूंग में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जिससे अपच और कब्ज की समस्या नहीं होती है तथा पाचन क्रिया दुरुस्त बनी रहती है। मूंग की दाल में ऐसे गुण होते हैं जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा देते हैं और उसे बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं।

# हिंदू राष्ट्र क्यों वांगचुक जैसे कॉकरोच की सुने

हरिशंकर व्यास

बेचारे सोनम वांगचुक! सांस मोदी के हिंदू राष्ट्र में ले रहे हैं बावजूद इसके माने बैठे हैं कि 'जनमत को जागरूक करना और सत्ता में बैठे लोगों को समझाना, एक ही सिक्के के दो पहलू हैं'। बारह वर्षों के अनुभवों में वांगचुक इतना भी नहीं समझ पाए कि मौजूदा हिंदू राष्ट्र के सिक्के के दो पहलू नहीं हैं। उसे इधर पलटिए या उधर, दोनों तरफ एक ही चेहरा है- नरेंद्र मोदी का। वही भक्तों के कलियुगी भगवान है। तभी हिंदू मानस में भगवान से जवाब-तलब नहीं होता, केवल पूजा, दर्शन और भक्ति होती है। तो कौन सा जनमत, कैसी जागरूकता और कैसी जवाबदेही?

इस सत्य का सबूत हजार साला गुलामी भी है। राम मंदिर टूटा, आक्रमण हुए, अपमान और पराधीनता का लंबा दौर बीता, लेकिन बहुसंख्यक हिंदू समाज ने कभी अपने आराध्य से यह प्रश्न नहीं किया कि 'आपके रहते यह सब क्यों हुआ'? न ही उसके भीतर. दिमाग में यह आत्ममंथन बना कि हम हर संकट का समाधान स्वयं बनने के बजाय किसी भगवान, किसी अवतार, किसी उद्धारकर्ता की प्रतीक्षा में क्यों बैठे रहते हैं? इक्कीसवीं सदी के कथित हिंदू राष्ट्र का भी यही सत्य है। हिंदू अब नागरिक नहीं भीड़ और भक्त में कनवर्ट है। इसलिए क्योंकि नागरिक सवाल पूछता है, जवाबदेही मांगता है। वह सत्ता को अपने प्रति उत्तरदायी मानता है। जबकि भक्त प्रश्न नहीं करता; वह आस्था में जीता है और मोदी के हर निर्णय को भगवान की लीला माने रहता है। इसलिए सोचें, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ सालों के चाल, चेहरे, चरित्र ने हिंदुओं को कैसा 'अवतार' दिया? सदियों से किसी उद्धारकर्ता की प्रतीक्षा करते समाज के सामने अंततः नरेंद्र मोदी ऐसे स्थापित हुए कि वे या तो भगवान हैं, या मोदी ही भारत और भारत ही मोदी है। मोदी के हिंदू राष्ट्र में उन्ही की, अकेली की एक केंद्रित सत्ता है, जिसके सामने राष्ट्रपति, मंत्रिमंडल, संसद और भाजपा जैसी राजनीतिक पार्टी सभी गौण है। मोहन भागवत हों या अमित शाह, राजनाथ सिंह हों या नितिन गडकरी; चुनाव आयोग हो, न्यायपालिका हो, मीडिया हो या नौकरशाही- सत्ता का पूरा तंत्र मोदी के रचित तीर्थ (दिल्ली में बने नए प्रधानमंत्री महल, नई दफ्तरी इमारतों, कथित तीर्थ) की परिक्रमा करता होता है। कृपा, वैधता, प्रतिष्ठा और राजनीतिक भविष्य सभी का मालिक एक अकेले नरेंद्र मोदी। वैसे कलियुगी हिंदू इसी लायक है भी। आखिर हम मानते भी है कि जैसी प्रजा वैसा राजा। तब भला आज की दैवीय व्यवस्था में लोकतंत्र, जनमत, जागरूकता और जवाबदेही जैसे शब्दों का मूल्य कौड़ी भर भी होगा? कतई नहीं। नागरिक की जगह अब भक्त है और संस्थाओं की जगह व्यक्ति पूजा है तो सत्ता से प्रश्न पूछना या जवाबेदही की उम्मीद करना बेवकूफी वाली बातें हैं। ध्यान है पर्यावरणविद् और पूर्व आईआईटी प्रोफेसर जीडी अग्रवाल का नाम। बेचारे ने संन्यास लेकर स्वामी ज्ञानस्वरूप सानंद का नाम धारा और गंगा को अविरल-निर्मल रखने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे। 111 दिनों तक जीवन दांव पर लगाने के बाद 11 अक्टूबर 2018 को ऋषिकेश के एम्स में दम तोड़ा। याद करें उनके निधन पर मोदी और उनकी सत्ता, संघ, भाजपा, साधु-संत, गंगा भक्तों. जनमत में किसी के भी आंसू नहीं निकले! इसलिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर 20-21 दिनों से अनशन कर रहे सोनम वांगचुक का हिंदू राष्ट्र में जीरो अर्थ है। वे हिंदू अभिभावकों के बच्चों, देश की नई पीढ़ी के भविष्य के ठगी करने वाली नीट परीक्षा जैसी व्यवस्थाओं के खिलाफ कितना ही आंदोलन कर ले उनके लिए हिंदुओं की भीड़ नहीं जुटनी है। जो जुटी है या जुट रही है वह पहले से ही कॉकरोच का तमगा पाए हुए है। उन्हें चप्पल मार कर दबाया जाता है। कर्नाटक के एक अभिनेता प्रकाश राज ने जंतर मंतर जा कर बोला कि यह लड़ाई युवा छात्रों और देश के भविष्य की है व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए है। पर युवा छात्रों की भीड़ भी जब जंतर-मंतर नहीं पहुंची तो किसके लिए कौन सी लड़ाई? जाहिर है भगवान और भक्तों के नए भारत में लड़ाई संभव नहीं है। पिछले बारह वर्षों में बार-बार उभरे पैटर्न पर गौर करें। क्या हुआ है? न देखो, न सुनो, न जवाब दो और बस दर्शन, प्रवचन और चौबीसों घंटे झूठ बोलो। चुनाव जीतने की लीला को झूठ-फरेब से पकाते जाओ। लोकतंत्र, मर्यादा, असहमति की तमाम बाते भाड़ में। गंगा बचाने का अनशन हो या छात्रों, किसानों के साथ खिलवाड़ में आंदोलन हो पहले तो अनदेखी करो। बात ज्यादा बढ़े तो उसे बदनाम करो। फिर उसे किसी राजनीतिक साजिश, विदेशी एजेंडा, खालिस्तानी, अर्बन नक्सल, टुकड़े-टुकड़े गैंग या विपक्ष, कॉकरोचों के खाते में डाल दो। ऐसा किसान आंदोलन के समय हुआ तो अब परीक्षाओं में धांधली के वाकिये में भी है। किसान, पहलवान,

# ऊर्जा क्षेत्र में सुधार से उपभोक्ता सशक्तिकरण

इन दिनों छत्तीसगढ़ में बिजली बिल को लेकर चर्चा जोरों पर है। कुछ लोग सोशल मीडिया पर तो कुछ राजनीतिक रूप से स्मार्ट मीटर को बढ़े हुए बिजली बिल का दोषी ठहरा रहे हैं। चर्चा के केन्द्र में आए स्मार्ट मीटर को लेकर जिज्ञासा भी बढ़ी है। एक उपभोक्ता के नजरिए से स्मार्ट मीटर को देखना भी चाहिए। असल में स्मार्ट मीटर स्थापना का निर्णय देश की ऊर्जा जरूरतों, गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति तथा सबके लिए ऊर्जा के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए व्यापक कार्ययोजना का हिस्सा रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में सुधारवादी कदम के रूप में यह अपनी कितनी उपयोगिता साबित कर पाया है यह जानना जरूरी। देश में विद्युत ऊर्जा की मांग बीते एक ड्ड डेढ़ दशक में तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2013-14 में जहाँ 136 गीगावॉट की अधिकतम मांग थी वह इस वर्ष 270 गीगावॉट को पार कर गई। ऊर्जा उत्पादन क्षमता में वृद्धि , पारेषण तंत्र की मजबूती और वितरण प्रणाली का सुदृणीकरण आवश्यक हो गया था। सबसे महत्वपूर्ण था तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानि (एटीएंडसी लॉस) को न्यूनतम स्तर पर लाना। हानि को कम करने तथा पारदर्शी वितरण एवं बिलिंग व्यवस्था की मजबूती के लिए 2021 में देशभर में पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना ((आरडीएसएस) की शुरूआत की गई। योजना के तहत पुराने विद्युत कंडक्टर को बदलना, उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि, फीडर पृथक्करण (सेपरेशन) , एनर्जी ऑडिट, ट्रांसफार्मर स्तर से लेकर उपभोक्ताओं तक उन्नत प्रौद्योगिकी वाले स्मार्ट मीटर की स्थापना शामिल है। आरडीएसएस योजना के विभिन्न उपायों जिसमें स्मार्ट मीटर की स्थापना भी शामिल है के लागू होने के बाद परिणाम चौंकाने वाले हैं। विद्युत मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार देश में वर्ष 2020-21 में विद्युत हानि 21.91 प्रतिशत थी जो 2024-25 में गिरकर 15.04 प्रतिशत पहुंच गई है। देश में 6 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। बिहार,असम ,आंध्रप्रदेश समेत कुछ अन्य राज्यों में सबसे अधिक सकारात्मक बदलाव देखे गए हैं। बिहार में विद्युत हानि 39.39 प्रतिशत से 15.51 प्रतिशत ,असम में 23.39 प्रतिशत से 15.44 प्रतिशत , आँध्रप्रदेश में 20.4 प्रतिशत से घटकर 7.9 प्रतिशत तक आ चुकी है। छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में देखें तो यहाँ और अहम हो जाता है क्योंकि सरकार हर वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष तौर पर रियायती बिजली उपलब्ध कराती है। योजना के क्रियान्वयन से यहाँ यह घाटा बीते दो वर्ष में ही 03 प्रतिशत घटकर 13 प्रतिशत से नीचे आ गया है। जबकि राज्य निर्माण के समय 34 प्रतिशत हानि का भार झेल रहे थे। यह विद्युत वितरण क्षेत्र में व्यापक सुधार के परिणाम को दर्शाता है। देश में बिजली की खपत बढ़ने में औद्योगिक, परिवहन , कृषि , व्यवसायिक से लेकर घरेलू उपभोक्ताओं की भूमिका अहम है। छत्तीसगढ़ में ही घरेलू उपभोक्ताओं की विद्युत खपत में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। प्रति व्यक्ति बिजली खपत के मामले में छत्तीसगढ़ देश में पांचवे स्थान पर है। बीते एक वर्ष में ही प्रदेश में अधिकतम मांग 300 मेगावॉट बढ़कर 7300 मेगावॉट को पार कर गई है। राज्य में प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि , वैश्विक ऊर्जा चुनौतियों और गर्मी के लंबे कालखण्ड ने बिजली की खपत को और बढ़ा दिया है। परिवहन विभाग के आँकड़ों के मुताबिक प्रदेश में ई व्हीकल जिसमें दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन शामिल हैं की पंजीकृत संख्या 203934 है। इसमें अकेले ई रिक्शा ही 30 हजार से अधिक हैं तथा 1 लाख 30 हजार से अधिक दो पहिया वाहन जो बिजली से ही चार्ज होते हैं। इसके अलावा घरेलू ईंधन के तौर पर इलेक्ट्रिक स्टोव एवं इंडक्शन का उपयोग एक वर्ष के अंदर ही तेजी से बढ़ा है। वातानुकूलन के लिए एसी का उपयोग अब विलासिता की बात नहीं रही। आईईए के रिपोर्ट के मुताबित देश में 10-12 प्रतिशत की दर से एसी का उपयोग बढ़ता जा रहा है। यह आँकड़ा देश के स्तर पर ही नहीं प्रदेश के लिए भी बढ़ती जरूरतों को इंगित करता है। बढ़े विद्युत बिल को आधार बनाकर स्मार्ट मीटर का विरोध किया जा रहा है। यह विरोध राजनीतिक भी होता जा रहा है। जनता की भावनाओं का राजनीतिक उपयोग होता रहा है संभव है इस मसले में भी हो पर इस विरोध में बड़ा विरोधाभास भी दिखता है। छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर की स्थापना का निर्णय से लेकर निविदा तक एक दल की सरकार रही वहीं दूसरे दल की सरकार ने आकर उसे आगे बढ़ाया। इसी प्रकार देश के कई राज्यों में विरोध कर रहे दलों की सरकार है जो अपने यहाँ स्मार्ट मीटर को बढ़ावा दे रहे हैं या प्रारंभ करने में शामिल थे। इसमें हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडू, केरल, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल भी शामिल हैं। इसलिए ऐसे में यह संदेह के दायरे में है कि विरोध स्मार्ट मीटर का है या राजनीतिक। कुछ सोशल मीडिया में अपूर्ण तथ्यों के आधार पर स्मार्ट मीटर का विरोध भी जोरों से हो रहा है। इससे वे परोक्ष रूप से बिजली क्षेत्र के सुधारक कदमों को रोकने का ही प्रयास कर रहे हैं। एक उपभोक्ता का अधिक बिल आना निश्चित ही उसके बजट को सीधे प्रभावित करता है। ऐसे में यदि उपभोक्ता को बिल पर संदेह है तो निराकरण के कई मंच हैं। अच्छी बात तो स्मार्ट मीटर के मामले में यही है कि वो उपभोक्ता को अधिक सशक्त बनाता है। खपत पर निगरानी से लेकर नियंत्रण की सुविधा मोबाइल पर उपलब्ध है। संदेह का समाधान मीटर की जाँच कर भी कर सकते हैं। केन्द्र सरकार के निर्देशों के तहत प्रदेश में मीटर की जाँच की सुविधा उपलब्ध है। शिकायत हो तो चेक मीटर से जाँच , असंतुष्ट होने पर एनएबीएल प्रमाणित प्रदेश की मीटर जाँच प्रयोगशाला में भी जाँच की सकती है। भिलाई स्थित केन्द्रीय जाँच प्रयोगशाला के आँकड़े बहुत महत्वपूर्ण हैं कि बीते वर्ष में 355 स्मार्ट मीटरों की जांच में किसी में रीडिंग संबंधी त्रुटि नहीं पाई गई। बढ़े बिल को नजरअंदाज तो नहीं किया जा सकता पर कुछ बातों पर ध्यान देकर उपभोक्ता अपने बिल पर नियंत्रण कर सकता है। एसी के उपयोग में तापमान से बड़ा खेल होता है। 24 डिग्री से कम तापमान यानि प्रत्येक डिग्री में कमी 6 प्रतिशत तक अधिक बिल का कारण। उपभोक्ता सजग रहें कि विद्युत कनेक्शन लेते वक्त उन्होंने कितने लोड की अनुमति ली थी क्योंकि स्मार्ट मीटर इसपर निगाह बनाए हुए हैं कि लगातार तीन माह तक स्वीकृत भार के बढ़ने पर अपने आप उपभोक्ता को बढ़े स्वीकृत भार की श्रेणी में लाता है और अतिरिक्त भार के लिए शुल्क जोड़कर बिल में भेज रहा है। प्रदेश में यह बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के साथ हुआ है जिससे वे स्मार्ट मीटर में अधिक बिलिंग के तौर पर देख रहे हैं। विद्युत क्षेत्र के सुधारवादी कदमों का देश के सभी राज्यों में लाभ दिख रहा है। बिजली की निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति बिना बेहतर प्रौद्योगिकी के संभव नहीं है। आज यदि हर क्षेत्र में उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ लिया जा रहा है। ऐसे में देशहित और उपभोक्ता हित को केन्द्र में रखकर किए जा रहे बदलावों को यदि भ्रामकता का शिकार बनाया जाएगा तो भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र का सशक्तिकरण प्रभावित होगा। एक सजग और जिम्मेदार विद्युत उपभोक्ता अपने हितों को राष्ट्रहित के साथ जोड़कर देखेगा तभी आने वाली पीढ़ी को ऊर्जा सशक्त राष्ट्र सौंपने में सफल होगा।




**विकास शर्मा**
**प्रबंधक ( जनसंपर्क एवं औद्योगिक संबंध )छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहलः स्वस्थ माताएं, स्वस्थ बच्चे और कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए बनेगी समन्वित रणनीति

- यूनिसेफके तकनीकी सहयोग से सभी संबंधित विभाग मिलकर तैयार करेंगे प्रभावी कार्ययोजना
- स्वस्थ माताएं और स्वस्थ बच्चे ही विकसित छत्तीसगढ़ की सबसे मजबूत नींव - मुख्यमंत्री श्री साय



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मंत्रालय महानदी भवन में भारत में यूनिसेफ की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्रे ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण उन्मूलन तथा बच्चों के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा बच्चों के पोषण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और इन क्षेत्रों में स्थायी सुधार के लिए सभी विभागों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि स्वस्थ माताएं और स्वस्थ बच्चे ही विकसित छत्तीसगढ़ की सबसे मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा आदिम जाति विकास विभाग सहित सभी संबंधित विभाग यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से एक समन्वित और परिणामोन्मुख कार्ययोजना तैयार करें, जिससे शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर और कुपोषण में कमी लाई जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं का प्रभाव तभी बढ़ेगा, जब विभिन्न विभाग साझा लक्ष्य और समन्वित कार्यप्रणाली के साथ काम करेंगे। उन्होंने अधिकारियों से ऐसी मल्टी-सेक्टोरल रणनीति तैयार करने को कहा, जिससे स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचे और बच्चों के पोषण स्तर में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित हो।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुश्री सिंथिया मैककैफ्रे का शॉल एवं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक 'नंदी' भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। वहीं सुश्री मैककैफ्रे ने भारत में यूनिसेफ के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग द्वारा जारी विशेष स्मारक डाक टिकट मुख्यमंत्री को भेंट किया।

यूनिसेफ की भारत प्रतिनिधि सुश्री सिंथिया मैककैफ्रे ने मुख्यमंत्री का 'जय जोहार' कहकर अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध संस्कृति और सरल-सहज लोगों का प्रदेश है। उन्होंने बताया कि यूनिसेफ लंबे समय से राज्य सरकार के साथ मिलकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार और यूनिसेफ के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश के बच्चों का भविष्य अधिक सुरक्षित, स्वस्थ और समृद्ध बनेगा।

बैठक में मंत्रिमंडल के सदस्य, मुख्य सचिव श्री विकासशील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, छत्तीसगढ़ में यूनिसेफ की प्रमुख सुश्री सीमा कुमार, श्री अनिल गुलाटी तथा डॉ. बाल पारितोष दास उपस्थित थे।

# चातुर्मासः सदर बाजार से निकली शोभायात्रा, विवेकानंद नगर तक भक्तिमय हुआ वातावरण

- परमपूज्य मुनिश्री संवेगरत्न सागरजी म.सा संग साधु भगवंतों का हुआ भव्य मंगल प्रवेश,28 जुलाई से बहेगी ज्ञान की गंगा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जैन समाज के लिए बुधवार का दिन आध्यात्मिक उल्लास और श्रद्धा का साक्षी बना। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समाज एवं चातुर्मास समिति (अंतर्गत श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट) की ओर से आयोजित सर्वमंगलमय वर्षावास के तहत परम पूज्य मुनिश्री संवेगरत्न सागरजी म.सा. आदि ठाणा-5 का विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में भव्य मंगल प्रवेश कराया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी, जयघोष, मंगलगीत और धर्मध्वजाओं के बीच निकली शोभायात्रा ने पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया।

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष जसराज लूणीया ने बताया कि शोभायात्रा श्री ऋषभदेव मंदिर, सदर बाजार से प्रारंभ होकर सिटी कोतवाली, पेंशनबाड़ा, टैगोर नगर मार्ग होते हुए विवेकानंद नगर पहुंची। श्रद्धालु हाथों में धर्मध्वजाएं, स्वागत पोस्टर और सिर पर मंगल कलश लेकर चल रहे थे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजजनों ने साधु-साध्वी भगवंतों का पुष्पवर्षा और श्रद्धाभाव से स्वागत किया।

विवेकानंद नगर पहुंचने पर साधु-साध्वी भगवंतों ने श्री संभवनाथ जिनालय में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में मंगल प्रवेश के साथ धर्मसभा का शुभारंभ हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया।

28 जुलाई से चातुर्मास का शुभारंभ

चातुर्मास समिति के महासचिव सुरेश बरड़िया ने बताया कि वर्षावास के तहत 28 जुलाई से चातुर्मास का औपचारिक शुभारंभ होगा। तब तक विभिन्न धार्मिक क्रियाएं निरंतर चलती रहेंगी। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 8:45 बजे से श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय, विवेकानंद नगर में नियमित प्रवचन आयोजित होंगे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की।

# विद्यार्थियों के न्यायोचित विषयों का समाधान संवाद, पारदर्शिता एवं संस्थागत सुधारों से हो; हिंसक टकराव दुर्भाग्यपूर्ण: अभाविप

- संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ एवं राष्ट्रविरोधी षड्यंत्रों का माध्यम नहीं बनेगा विद्यार्थीः अभाविप

**रायपुर (विश्व परिवार)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जंतर-मंतर पर नीट-यूजी सहित विभिन्न शिक्षा संबंधी विषयों को लेकर आयोजित प्रदर्शन के दौरान उत्पन्न अराजकता, विद्यार्थी होने का दावा करने वाले कुछ अराजकतत्वों एवं सुरक्षाबलों के बीच हुए हिंसक टकराव तथा राजधानी दिल्ली में सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली घटनाओं को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण मानती है। अभाविप का मानना है कि विद्यार्थियों के न्यायोचित आंदोलन की आड़ में कुछ राजनीतिक स्वार्थों एवं समाजविरोधी तत्वों ने अराजकता एवं हिंसा फैलाने का प्रयास किया है, जिसकी अभाविप घोर निंदा करती है। इन परिस्थितियों में चोटिल हुए विद्यार्थियों एवं सुरक्षाकर्मियों के प्रति अभाविप अपनी संवेदना व्यक्त करती है तथा अपेक्षा करती है कि भविष्य में ऐसे टकरावों की पुनरावृत्ति न हो। अभाविप का मानना है कि विद्यार्थियों के न्यायोचित विषयों का समाधान केवल सार्थक संवाद, संवेदनशीलता एवं संस्थागत सुधारों के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

अभाविप स्पष्ट करना चाहती है कि नीट-यूजी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं के विरुद्ध वह प्रारंभ से ही विद्यार्थियों के साथ खड़ी रही है। परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अभाविप ने सर्वप्रथम केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच की मांग उठाई थी, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की थी।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय लोक कलाकार विक्रम यादव के उपचार के दिए निर्देश

- संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने परिजनों से की चर्चा, बेहतर इलाज और हरसंभव सहायता का दिया भरोसा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार एवं बांस वादक विक्रम यादव के परिजनों से दूरभाष पर चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनके समुचित उपचार तथा आवश्यक सहायता के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने राजनांदगांव के कलेक्टर तथा मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के वरिष्ठ चिकित्सकों से भी चर्चा की। उन्होंने चिकित्सकों को श्री विक्रम यादव के उपचार पर विशेष ध्यान देने, आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यदि उपचार के लिए अतिरिक्त चिकित्सा सुविधा अथवा अन्य व्यवस्थाओं की आवश्यकता होगी तो राज्य शासन द्वारा हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि श्री विक्रम यादव केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक धरोहर हैं। उन्होंने बांस वादन कला के माध्यम से भारत की समृद्ध लोक परंपरा को अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाया है। ऐसे कलाकार प्रदेश का गौरव हैं और उनके सम्मान, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा की जिम्मेदारी शासन और समाज दोनों की है। मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए परिवार को आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में राज्य सरकार हरसंभव सहयोग के साथ उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उनकी सरकार लोक कलाकारों के सम्मान, संरक्षण और कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कलाकारों ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोक परंपराओं और विरासत को जीवंत बनाए रखने में समर्पित किया है।

# 'गाय एक अनुसंधान' पुस्तक गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष को भेंट



- गौ-संवर्धन एवं संरक्षण पर विशेष बैठक भी हुई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग कार्यालय में गौ-माता के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने अपनी रचित अनुसंधान पुस्तक 'गाय एक अनुसंधान' छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल को भेंट कर पुस्तक की बारीकियों एवं शोध से अवगत कराया। बैठक के दौरान राज्य में गौ-वंश के बेहतर स्वास्थ्य, संरक्षण और गौशालाओं के सुचारू संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. अखिल जैन ने बताया कि यह अनुसंधान पुस्तक प्रदेश में गौ-सेवा और गौ-संवर्धन के कार्यों को वैज्ञानिक व व्यावहारिक रूप से आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ गौसेवक सुरेश शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पंजीयक डॉ. समीर शर्मा, अतिरिक्त उप संचालक डॉ. सुषमा मिश्रा, नरोत्तम सिन्हा, आत्मबोध अग्रवाल, मनमथ शर्मा मौजूद रहे।

# 'ज्ञान और आत्मज्ञान का समुच्चय' मानवता का सच्चा कल्याण

**छत्रपति संभाजीनगर (विश्व परिवार)।** जिनके गुणों को हमसे गाया नहीं जाता, जिनकी साधना का अंदाज़ कभी लगाया नहीं जा सकता; जिनकी तपस्या का गुणगान करें तो कैसे करें, क्योंकि दुनिया में ऐसा अजूबा कहीं पाया नहीं जाता।



ऐसे कठिनतम, जबरदस्त, अद्भुत, अनोखे, अकल्पनीय एवं अनुपम तप के साधक, तपोमूर्ति अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज के साधनामय जीवन को शब्दों की परिधि में बाँधना लगभग असंभव है। उनका व्यक्तित्व कल्पनातीत, वर्णनातीत, तर्कातीत और शब्दातीत है। आपकाजीवन वृत आदर्श अभिनव प्रेरणा है! वह स्पटिकसा समुज्ज्वल, कांच सा पारदर्शी है! जिसमें चारित्र की पवित्रता, और संयम की पराकाष्ठा है! आपकी सत्य निष्ठा, चारित्र निष्ठा, सिद्धांत निष्ठा, आध्यात्म निष्ठा अद्भुत है!आपकी वैचारिक उदारता, ज्ञान की अगाधता, आत्मा की पवित्रता, सृजन धर्मिता, अप्रमत्तता और विनम्रता आपको विशिष्ट श्रेणी में स्थापित करती है! आपका बहु आयामी व्यक्तित्व विलक्षणता का एक महकता गुलदस्ता है!

### विज्ञान और तप का समन्वय

विज्ञान और तप दोनों ही मानव चेतना की खोज के दो मार्ग है! विज्ञान हमें बाह्य जगत की समझ देता है, जबकि तप हमें आत्मा से मिलाता है! यदि विज्ञान और तप का समन्वय हो जाए तो 'ज्ञान और आत्मज्ञान का समुच्चय' मानवता का सच्चा कल्याण कर सकता है!

प्रकृति, विज्ञान, अध्यात्म, पोषण और सामाजिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो आज के भौतिकवादी एवं सुविधाभोगी पंचम काल में आचार्य श्री जिस प्रकार की साधना कर रहे हैं, वह विज्ञान के लिए भी चिंतन और शोध का विषय है। उन्हें देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उनमें जो विशिष्टता है, वह उन्हें तीर्थंकरों की श्रेणी में स्थापित करती है। यह उनकी पूर्वजन्म की पुण्य-साधना का ही फल है।

# तालाब के आसपास कचरा फेंकने वालों पर निगम की चालानी कार्रवाई



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं तालाबों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आयुक्त के प्रात: भ्रमण के दौरान जोन-3 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 32, दुर्गापारा स्थित तालाब के आसपास नागरिकों द्वारा कचरा फेंके जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कचरा फेंकने वाले नागरिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

आयुक्त के निर्देश के परिपालन में जोन-3 के निगम अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर तालाब के आसपास कचरा फेंकने वाले नागरिकों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही निगम कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को समझाइश देते हुए कहा गया कि सार्वजनिक स्थानों एवं तालाब के आसपास कचरा न फेंके चलाए जा रहे डोर टू डोर गारबेज कलेक्शन गाड़ियों के कर्मचारियों को दें।

# अहिंसा सेवा संगठन सहित विभिन्न संगठनों ने शोक सभाओं में चन्द्रलता जैन को श्रद्धांजलि समर्पित की

**ललितपुर (विश्व परिवार)।** दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि प्रबंध समिति की एक शोक सभा में कैप्टन राजकुमार जैन (मंत्री श्री दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति, ललितपुर) की धर्मपत्नी चन्द्रलता जैन के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, मंत्री जयकुमार जैन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद जैन, उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा, संयुक्त मंत्री विकास भंडारी, उपमंत्री आकाश चौधरी, ऑडिटर पंकज भंडारी, अजय जैन, अरविन्द विरधा, अमित कुमार, संदीप जैन, आदि प्रमुख रहे। भारतीय जैन मिलन एवं अहिंसा सेवा संगठन की एक शोक सभा में विकास जैन (एल आई सी) की पूज्यनीय माता जी



चन्द्रलता जैन के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। जिसमें श्रेयांश जैन गदयाना, सुबोध जैन, अजय जैन वरया, विशाल जैन पवा, अभिषेक अनौरा, चंद्रकुमार लोहिया, सुरेंद्र कुमार जैन, प्रफुल्ल जैन, आवेश जैन, आनंद जैन आदि ने श्रद्धांजलि समर्पित की। वहीं बुंदेलखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की शोक सभा में जैन शिक्षक सामाजिक समूह के अध्यक्ष जितेंद्र जैन (राजू) एवं शिक्षक सचिन जैन की चाची चन्द्रलता जैन के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि देने वालों में वीर दुबे, विशाल जैन पवा, मनोहर सिंह बुंदेला, गजराज सिंह परमार, रामप्रकाश तिवारी, पुष्पेंद्र जैन, जितेंद्र कुमार, अमित जैन, अंकित चौधरी, अभिषेक कुमार, शुभम जैन, आजाद सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र यादव, आदेश पुरोहित, नितिन कुमार, गौरव जैन, संतोष नापित, भूपेंद्र सिंह, पवित्र पटेल, अनिल मिश्रा, राजू यादव, धर्मेंद्र चौरसिया, समीर चौबे, नरेंद्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार, नितीश निरंजन, प्रवीन जैन राहुल, अनिल गुप्ता, आकाश जैन, बृजेश शास्त्री, दिनेश कुमार, राजेश जैन, अभिषेक मोना, महेंद्र जैन, गजेंद्र शिवहरे, रविंद्र कुमार, मनीराम, प्रदीप कुमार, चंद्रभान आदि प्रमुख रहे।

# यातायात नियमों एवं साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- यातायात पुलिस एवं थाना न्यू राजेंद्र नगर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीडीह में कार्यक्रम





**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ. अर्चना झा के निर्देशानुसार विद्यार्थियों में कानून के प्रति जागरूकता, सुरक्षित यातायात व्यवहार एवं साइबर अपराधों से बचाव के उद्देश्य से शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अमलीडीह में यातायात नियमों एवं साइबर सुरक्षा विषय पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 छात्र-छात्राओं, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसीपी ट्रैफिक श्रीमती सीमा अहिरवार ने विद्यार्थियों से कहा कि 'नियमों का पालन ही सच्ची देशभक्ति है, सुरक्षित बच्चे ही राष्ट्र की शक्ति हैं।' उन्होंने कहा कि सड़क पर नियमों का पालन कोई विकल्प नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा का आधार है। यदि सभी लोग यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें तो अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को पीएम राहत कोष एवं सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले गुड सेमेरिटन (Good Samaritan) योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का 1,50,000 रुपए तक का कैशलेश इलाज साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्ति की समय पर सहायता करने वाले नागरिकों को कानूनी संरक्षण एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। साथ ही एम परिवहन (mParivahan) ऐप, ई-चालान भुगतान प्रणाली, शहर में स्थापित विभिन्न प्रकार के सीसीटीवी एवं एआई आधारित ट्रैफिक कैमरों की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया। एसीपी ट्रैफिक ने विशेष रूप से विद्यार्थियों से अपील की कि 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिग बच्चों को किसी भी स्थिति में मोटर वाहन चलाने की अनुमति नहीं है।

# त्याग, संयम व आत्मचिंतन से ही प्रशस्त होता है मोक्षमार्ग: निर्यापक श्रमण मुनि 108 श्री योगसागर जी महाराज

**कोटा (विश्व परिवार)।** श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन पुण्योदय अतिशय क्षेत्र, नसियां जी, दादाबाड़ी में निर्यापक श्रमण मुनि 108 श्री योगसागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित नौ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान महोत्सव का दूसरा दिन श्रद्धा, भक्ति, संयम एवं आध्यात्मिक साधना से ओतप्रोत रहा। प्रात:काल से ही मंदिर परिसर मंर धर्मावलंबियों का उत्साहपूर्ण आगमन प्रारंभ हो गया और पूरे वातावरण में नवकार महामंत्र, भक्तिभाव तथा जिनवाणी की मंगलध्वनि गूंजती रही।



श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन पुण्योदय अतिशय क्षेत्र, नसियां जी, दादाबाड़ी के निदेशक हुकम जैन 'काका' ने बताया कि प्रात:काल श्रद्धालुओं ने भक्तिभावपूर्वक भगवान श्री आदिनाथ का अभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य पूजन संपन्न किया। इसके उपरांत सिद्धचक्र महामंडल विधान के द्वितीय दिवस की विधिवत पूजा, अर्घ्य समर्पण, मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए, जिनमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर आत्मकल्याण एवं विश्व मंगल की भावना से आराधना की।

विधान समिति के अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने बताया कि धर्मसभा को संबोधित करते हुए निर्यापक श्रमण मुनि 108 श्री योगसागर जी महाराज ने कहा कि अनादिकाल से असंख्य आत्माएँ संसार में इसलिए भटक रही हैं क्योंकि उनका लक्ष्य आत्मा की प्राप्ति के स्थान पर बाह्य पदार्थों की प्राप्ति बन गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गरियाबंद में 23 जुलाई को होगी पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की अहम बैठक

#### लिंग चयन पर रोक, संस्थाओं के निरीक्षण और लंबित आवेदनों पर होगा मंथन

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (विनियमन और दुरुपयोग निवारण) अधिनियम, 1994 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक 23 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, गरियाबंद में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती बी. बारा करेंगी। बैठक में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, संबंधित संस्थाओं के निरीक्षण, लंबित प्रकरणों तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। विचार-विमर्श के बाद समिति अपनी अनुशंसाओं सहित प्रतिवेदन तैयार कर जिला समुचित प्राधिकारी को सौंपेगी। सलाहकार समिति में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकुश वर्मा, पैथालॉजी विशेषज्ञ डॉ. अमन कुमार हुमने, जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती शीतल दुबे ठाकुर, जिला जनसंपर्क अधिकारी हेमनाथ सिदार तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल हैं। समिति में सुश्री लता नेताम, राम गुलाल सिन्हा और सुश्री शीला यादव भी सदस्य हैं। बैठक के दौरान अधिनियम के प्रभावी पालन, प्रसव पूर्व लिंग चयन पर रोक, संबंधित मामलों की समीक्षा तथा निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उपायों पर विस्तार से विचार किया जाएगा। समिति के सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### दुशांत सिन्हा का प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में चयन



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिले के होनहार छात्र दुशांत सिन्हा, पिता ताराचंद सिन्हा का प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का अंतिम परिणाम जून 2026 में घोषित किया गया, जिसमें दुशांत सिन्हा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले की चयन सूची में 7वाँ स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन का परिणाम है। दुशांत की इस सफलता पर उनके परिवारजनों एवं शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### डिनरटेनमेंट का अल्टीमेट सर्विंग! तीन वजहें क्यों कलर्स का लाफ्टर शेफ़्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट का ग्रैंड फिनाले ज़रूर देखना चाहिए!

हफ्तों तक चली ज़बरदस्त हंसीमज़ाक वाली अफ़रातफ़री, नामुमकिन कुकिंग चैलेंज, स्वादिष्ट गड़बड़ियां और सेलेब्रिटी दोस्ती के यादगार पलों के बाद कलर्स का 'लाफ्टर शेफ़्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' अब लेकर आ रहा है अपना सबसे बड़ा फेस्ट - ग्रैंड फिनाले। इस शो ने कॉमेडी और कुकिंग के अनोखे मेल से टीवी को नया अंदाज़ दिया और रोज़मर्रा की रेसिपीज़ को ब्लॉकबस्टर एक्सपीरियंस में बदल दिया। किचन की कैटस्ट्रॉफीज़, मज़ेदार राइवलरीज़, वायरल मोमेंट्स और दिल छू लेने वाली दोस्तियों के साथ लाफ्टर शेफ़्स ने फिर साबित किया कि यह टीवी का सबसे पसंदीदा डिनर टेनमेंट फिनॉमिनन है। जैसे ही फाइनल स्टार्स दांव पर हैं और ट्रॉफी का फैसला होना है, फिनाले वादा करता है क्रॉसओवर्स, स्टारस्टडेड सरप्राइज़ और एक इमोशनल गुडबाय जो दर्शकों को हंसी और आंसुओं के साथ छोड़ देगा। यहाँ हैं तीन वजहें क्यों कलर्स का 'लाफ्टर शेफ़्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' का ग्रैंड फिनाले मिस करना नामुमकिन है:

1. यह एक खतरनाक क्रॉसओवर है क्या होता है जब टीवी के सबसे मज़ेदार शेफ्स मिलते हैं इंडिया के सबसे बहादुर स्टंट परफॉर्मर्स से नतीजा होता है - पूरी अफ़रातफ़री। लाफ्टर शेफ़्स का किचन अपने दरवाज़े खोल देता है खतरों के खिलाड़ी के आने वाले सीज़न के कंटेस्टेंट्स के लिए, और बन जाता है सबसे बड़ा क्रॉसओवर। मज़ा शुरू होता है उसी पल जब कृष्णा अभिषेक मज़ाकिया अंदाज़ में फ़रहाना भट्ट को छेड़ते हैं और एपिसोड का टोन सेट हो जाता है। सबसे बड़ा सरप्राइज़ आता है ब्लॉकबस्टर फिल्ममेकर और एक्शन मास्ट्रो रोहित शेट्टी के साथ, जो हाईऑक्टेन स्टंट्स छोड़कर किचन काउंटर पर आते हैं और बैठते हैं आइकॉनिक डिनर-टेनमेंट थ्रोन ऑफ स्पून्स एंड फोर्क्स पर। शो में पहली बार कुकिंग की कोशिश करते हुए रोहित मज़ेदार अंदाज़ में बैटर तैयार करने में जूझते हैं और साथ ही बाकी सबकी कुकिंग पर तंज कसते हैं।

# नीट मुद्दे पर गरियाबंद में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन: मोदी का पुतला दहन, पुलिस से झूमाझटकी में कार्यकर्ता झुलसे

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** नीट (NEET) परीक्षा में कथित धांधली और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तिरंगा चौक पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झूमाझटकी हुई, जिसमें पुतला दहन की आग से कुछ कार्यकर्ता झुलस गए।




प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय सह प्रभारी एवं पार्षद छगन यादव ने किया। उनके साथ जिले के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे। छगन यादव ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं ने देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार निष्पक्ष जांच कराने के बजाय विरोध की आवाज उठाने वाले विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई कर रही है। उनका आरोप था कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे छात्रों के हित में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन उनकी गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। कांग्रेस इसे लोकतंत्र की आवाज दबाने का प्रयास मानती है और इसका पुरजोर विरोध जारी रखेगी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सोनवानी ने कहा कि नीट परीक्षा में कथित धांधली को लेकर देश का युवा वर्ग आक्रोशित है। कांग्रेस छात्रों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी और जब तक नीट अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगा।

प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष सन्नी मेमन, जिला महामंत्री राजेश साहू, जिला महामंत्री एवं सह कार्यालय प्रभारी छगन यादव, जुनेद खान, पूर्व पार्षद योगेश बघेल, अमित मिरि, अहसन मेमन, प्रहलाद यादव, सौरभ ठाकुर, बूथ अध्यक्ष प्रेम यादव, मधु हरपाल, गोस्वामी, कादर हिंगोरा, चंद्रभूषण चौहान, उत्तम यादव, भानु सिन्हा, पंकज सिन्हा, मुकेश यादव, निक्की यादव, देवेन्द्र यादव, अनीश मेमन, अमन दास मानिकपुरी, झनकार यादव, सौरभ यादव और नरेन्द्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पूरे घटनाक्रम के बीच सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और पुलिस ने हालात पर नजर बनाए रखी।

## ग्रामीणों की सतर्कता से बची दुर्लभ पैंगोलिन की जान, वन विभाग ने किया सफल रेस्क्यू

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के अंतर्गत मैनपुर तहसील के ग्राम नदीपारा में ग्रामीणों की सजगता और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से एक दुर्लभ जीवित पैंगोलिन का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। समय पर सूचना मिलने से इस विलुप्तप्राय वन्यजीव को सुरक्षित बचाकर उसकी देखभाल शुरू की गई है।

ग्राम नदीपारा निवासी पुष्पराज पांडे (18), साधुराम पांडे (52), गेंदराज पांडे (15), नोहर पांडे (27) और पूरन यादव (24) के घर के समीप पैंगोलिन दिखाई दिया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए दो किशोरों ने तत्काल उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के कर्मचारी दिनेश और ऑपरेटर रोमी को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही कुल्हाड़ीघाट एवं तौरेंगा परिक्षेत्र की संयुक्त वन विभाग टीम मौके पर पहुंची और पूरी सावधानी के साथ पैंगोलिन का सफल रेस्क्यू किया। प्रारंभिक देखभाल के दौरान उसके भोजन के लिए दीमक और चींटियों की व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक निगरानी के बाद उसे उसके प्राकृतिक और सुरक्षित आवास में छोड़ा जाएगा।



वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पैंगोलिन विश्व के सबसे अधिक तस्करी किए जाने वाले स्तनधारी जीवों में शामिल है। यह चींटियों और दीमकों को खाकर जंगल के पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए इसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

वन विभाग ने ग्रामीणों की जागरूकता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी से ही वन्यजीवों का प्रभावी संरक्षण संभव है। समय पर सूचना मिलने के कारण इस दुर्लभ जीव को सुरक्षित बचाया जा सका। वन विभाग ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी कोई वन्यजीव दिखाई दे तो उसे परेशान न करें और तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## Samsung ने दमदार परफॉर्मेंस और बेहतर पावर एफिशिएंसी वाला नया 990 SSD पेश किया

**रायपुर।** Samsung भारत ने आज अपना नया 990 SSD लॉन्च करने की घोषणा की, जो 1-टेराबाइट (TB) और 2TB कैपेसिटी में उपलब्ध है। शानदार सीक्वेंशियल परफॉर्मेंस और बेहतर पावर एफिशिएंसी देने वाला Samsung 990 SSD, गेमिंग, क्रिएटिव वर्कलोड और रोज़ाना PC के इस्तेमाल के लिए एक बैलेंस्ड स्टोरेज सॉल्यूशन के तौर पर डिज़ाइन किया गया है। Samsung इलेक्ट्रॉनिक्स में मेमोरी ब्रांड प्रोडक्ट बिज़नेस टीम के वाइस प्रेसिडेंट टॉमी (ह्योंगसुक) क्वोन ने कहा, "Samsung का नया 990 SSD उन सभी यूज़र्स के लिए एक बेहतरीन समाधान है जो भारी वर्कलोड, शानदार गेमिंग अनुभव, हाई-रिज़ॉल्यूशन कंटेंट बनाने और खुद से PC बनाने (DIY PC बिल्ड) के लिए अपना स्टोरेज बढ़ाना चाहते हैं।

PCIe 4.0 सपोर्ट और लेटेस्ट NAND टेक्नोलॉजी की वजह से, Samsung 990 स्स्ष्ठ का 2TB मॉडल 7,250 MB/s तक की सीक्वेंशियल रीड स्पीड देता है, जबकि 1TB मॉडल 7,150 MB/s तक की स्पीड देता है। दोनों मॉडल 6,450 MB/s तक की सीक्वेंशियल राइट स्पीड देते हैं, जिससे फ़ाइलें तेज़ी से ट्रांसफर होती हैं और लोडिंग का समय कम लगता है। रैंडम परफ़ॉर्मेंस के मामले में, 2TB मॉडल 850K तक रीड और 1,200K तक राइट IOPS देता है, जबकि 1TB मॉडल क्रमश: 700K और 1,100K IOPS तक की रीड और राइट स्पीड देता है। ये क्षमताएं यूज़र्स को तेज़ी से ऐप लॉन्च करने, स्मूद गेमप्ले और बड़े पैमाने के वर्कलोड को आसानी से संभालने का अनुभव देती हैं।.

ज़्यादा स्टोरेज क्षमता की वजह से यूज़र्स बड़ी मात्रा में हाई-क्वालिटी कंटेंट और लेटेस्ट गेम्स स्टोर कर सकते हैं। 2TB वाला मॉडल 64GB[1], के औसत साइज़ वाले 30 बड़े गेम्स तक स्टोर कर सकता है, जो गेमर्स और क्रिएटर्स के लिए एक बेहतरीन समाधान है, क्योंकि उन्हें अक्सर बड़ी फ़ाइलों और ऐप्लिकेशन्स को मैनेज करना पड़ता है।

Samsung 990 SSD की पावर एफिशिएंसी में भी काफी सुधार हुआ है। अपने पिछले 990 PRO मॉडल की तुलना में, इसकी पावर एफिशिएंसी 38%[2], तक बेहतर हुई है, जिससे यूज़र्स कम बिजली की खपत के साथ हाई परफॉर्मेंस पा सकते हैं।.

## कैंटाबिल ने खोला रायपुर के लाखे नगर में नया शोरूम

**रायपुर।** देश की अग्रणी परिधान निर्माता और रिटेल कंपनी कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करते हुए रायपुर के लाखे नगर में अपना नया स्टोर शुरू किया है। यह राज्य में कंपनी का पांचवां शोरूम है। करीब 1700 वर्गफुट क्षेत्र में फैला यह नया स्टोर जी-फ्लोर, प्लॉट नंबर-59/866, खसरा नंबर-1044/2, फेज नंबर-46/62, जोन-5, वार्ड नंबर-40, लाखे नगर, रायपुर में स्थित है।

नए शोरूम में पुरुषों और महिलाओं के लिए आधुनिक फैशन परिधानों का विस्तृत संग्रह उपलब्ध कराया गया है। पुरुषों के लिए फॉर्मल, कैजुअल और पार्टी वियर की आकर्षक श्रृंखला मौजूद है, वहीं महिलाओं के लिए कैजुअल, एथनिक और फॉर्मल परिधानों के साथ-साथ फैशनेबल एक्सेसरीज़ भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को एक ही स्थान पर बेहतर खरीदारी अनुभव प्रदान करना है। कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक दीपक बंसल ने नए स्टोर के उद्घाटन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लाखे नगर, रायपुर में पुरुष एवं महिला परिधानों के इस नए शोरूम की शुरुआत कंपनी के विस्तार अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## जंतर-मंतर की घटना पर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, मोदी का पुतला फूंका

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान कथित मारपीट और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित वरिष्ठ विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय सूरजपुर में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए छात्र आंदोलन पर बल प्रयोग और विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी को लोकतंत्र पर हमला बताया।

जिला कांग्रेस महामंत्री संजय डोशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता पुराने रेस्ट हाउस से रैली की शक्ल में निकले। कार्यकर्ता छात्रों के साथ अन्याय बंद करो, मोदी इस्तीफा दो, मोदी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी और लोकतंत्र की हत्या बंद करो जैसे नारे लगाते हुए अग्रसेन चौक पहुंचे।



यहां पुलिस बल की मौजूदगी के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस को चकमा देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

जिला कांग्रेस महामंत्री संजय डोशी ने कहा कि जंतर-मंतर पर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद कर रहे छात्र-छात्राओं के साथ कथित मारपीट और उनके समर्थन में पहुंचे राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी सहित विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि देश का युवा अपने भविष्य और रोजगार की लड़ाई लड़ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार उसकी आवाज सुनने के बजाय दमन और गिरफ्तारी का रास्ता अपना रही है। कांग्रेस इस तानाशाही के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। छात्रों पर कथित बल प्रयोग और विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी से केंद्र सरकार की असहिष्णु मानसिकता उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के युवाओं, किसानों और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी तथा अन्याय के खिलाफ उसकी लड़ाई लगातार जारी रहेगी।

प्रदर्शन में कांग्रेस नेता इस्माईल खान, संजू श्रीवास्तव, वेदप्रकाश मिश्रा, केबी सिंह, परमेश्वर राजवाड़े, सुनील सारथी, अंशुल गोयल, आशीष यादव, संजीत सिंह, लखनलाल कुर्रे, राजकुमार रवि, संजय सोनी, विक्की समद्दार, मेही साहू, बिहारी कुलदीप, लिली राजवाड़े, समीर सिंह, कवलबिहारी सिंह, रोहन राजवाड़े, शांतनू डोशी, मासूम इराकी, अजीत यादव, अजय सोनवानी, अरवीना, खुशी, अनूप गुप्ता, अभय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उद्यानिकी विभाग में सब्सिडी का खेल! कागजों में लाखों का लाभ, धरातल पर काम नदारद

### गरियाबंद के छुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मुरमुरा में बड़ा खुलासा, अधिकारियों-बिचौलियों की मिलीभगत के आरोप

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरमुरा में उद्यानिकी विभाग की योजनाओं में कथित अनियमितता, कमीशनखोरी और सरकारी राशि के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। आरोप है कि विभागीय अधिकारियों और बिचौलियों की मिलीभगत से किसानों के नाम पर लाखों रुपये की सब्सिडी स्वीकृत कर दी गई, जबकि कई मामलों में संबंधित कार्य धरातल पर दिखाई ही नहीं देते। इस पूरे प्रकरण ने शासन की योजनाओं की पारदर्शिता और विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मुरमुरा के किसान नरेश पिता नारायण, बेदू पिता चम्मन, पोखन पिता चम्मन, लोकेश पिता कलीराम, तोषु पिता मोहन और भोला पिता शारदा के नाम पर विभिन्न उद्यानिकी योजनाओं के तहत अनुदान स्वीकृत किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि जिन कार्यों के लिए सरकारी राशि जारी हुई, उनमें से कई का मौके पर कोई अस्तित्व नहीं है।

बताया जा रहा है कि दिसंबर 2024 में नरेश, लोकेश और भोला को तार फिनिशिंग योजना के तहत सब्सिडी प्रदान की गई, जबकि तोषु, पोखन और बेदू को बागवानी योजना के अंतर्गत लाभ दिया गया। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि इन योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्य धरातल पर नजर नहीं आते, जिससे भुगतान प्रक्रिया पर संदेह गहरा गया है।




सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह पूरा क्षेत्र ग्रामीण उद्यानिकी अधिकारी के कार्यक्षेत्र में आता है। यदि उनकी जानकारी के बिना किसानों के नाम पर सब्सिडी जारी हुई, तो पूरी प्रक्रिया किसके माध्यम से पूरी की गई? और यदि अधिकारी को इसकी जानकारी थी, तो बिना भौतिक सत्यापन के भुगतान कैसे कर दिया गया?

जानकारों के अनुसार उद्यानिकी विभाग की किसी भी योजना में आवेदन से लेकर प्रकरण तैयार करने, स्थल निरीक्षण, भौतिक सत्यापन और रिपोर्ट के बाद ही भुगतान की प्रक्रिया पूरी होती है। ऐसे में यदि बिना वास्तविक कार्य के राशि जारी हुई है, तो यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही अथवा आर्थिक अनियमितता का मामला माना जा सकता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि किसानों के नाम पर कागजी कार्यवाही पूरी कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया और इसमें बिचौलियों की भूमिका भी संदिग्ध है। उनका कहना है कि यह केवल मुरमुरा गांव का मामला नहीं, बल्कि पूरे गरियाबंद जिले में इसी प्रकार की गड़बड़ियां होने की आशंका है।

ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और यदि किसी बिचौलिये की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आरोप सही साबित होते हैं, तो यह सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का बड़ा मामला बन सकता है।

#### क्या कहते हैं जिम्मेदार

ग्रामीण उद्यानिकी अधिकारी शशिकांत साहू ने कहा,

यह मेरा कार्यक्षेत्र है, लेकिन जिन किसानों के नाम सामने आए हैं, मैं उन्हें जानता तक नहीं। उन्हें कब और किस योजना के तहत लाभ मिला, इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है।

वहीं उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग, नया रायपुर के संचालक लोकेश चंद्राकर ने कहा,

यदि इस संबंध में शिकायत प्राप्त होती है तो पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।

# पूरी निष्ठा व सेवा भाव से करें जनसेवा, विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में निभाएं महत्वपूर्ण भूमिका : विष्णु देव साय

■ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से छत्तीसगढ़ से अखिल भारतीय सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ से अखिल भारतीय सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनसे जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अखिल भारतीय सेवाओं में चयनित होना केवल अभ्यर्थियों और उनके परिवार की नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा समाज और राष्ट्र के निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा इसमें कार्य करने वाले अधिकारियों को संवेदनशीलता, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि उन्हें लोगों की सेवा का जो अवसर मिला है, वह ईश्वर का आशीर्वाद और समाज का विश्वास है। इस अवसर का उपयोग आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने तथा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने में युवा प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी चयनित अभ्यर्थी अपनी प्रतिभा, कार्यकुशलता और सेवा भावना से छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से अपने अनुभव साझा किए तथा उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

सौजन्य मुलाकात के दौरान अखिल भारतीय सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों में सुष्मिता सिंह, वैभवी अग्रवाल, दर्शना सिंह बघेल, रौनक अग्रवाल, अजय गुप्ता, अंकित सकनी, डायमंड ध्रुव एवं संजय डहरिया सहित उनके परिजन उपस्थित थे।

# राज्यपाल रमेन डेका से प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों ने की सौजन्य मुलाकात

■ सेवा भाव, संवेदनशीलता और तार्किक निर्णय से निभाएं दायित्व : श्री डेका



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि प्रशासनिक सेवा केवल एक पद नहीं, बल्कि आम जनता की सेवा का महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर का पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और ईमानदारी से निर्वहन करना प्रत्येक अधिकारी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि जहां चुनौतियां होती हैं, वहीं नए अवसर भी मौजूद होते हैं। इसलिए प्रत्येक परिस्थिति का सकारात्मक दृष्टिकोण से सामना करते हुए जनता के हित में निर्णय लिए जाने चाहिए।

राज्यपाल आज लोकभवन में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के वर्ष 2025 बैच के प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों से चर्चा कर रहे थे। ये अधिकारी वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रशासनिक अकादमी, निमोरा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों ने अकादमी के महानिदेशक श्री टी.सी. महावर के नेतृत्व में राज्यपाल से सौजन्य भेंट की।

राज्यपाल ने कहा कि प्रशासनिक निर्णय में मानवीय संवेदनाओं का भी समावेश होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक कार्य में ह्यूमन टच होना आवश्यक है, ताकि शासन की योजनाओं और निर्णयों का लाभ वास्तविक रूप से आम नागरिकों तक पहुंच सके।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जनता से नियमित संवाद करना चाहिए, क्षेत्र का सतत भ्रमण करना चाहिए और लोगों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो कार्य संभव हो, उसे प्राथमिकता के साथ पूरा करें और यदि किसी कारणवश कोई कार्य संभव नहीं है तो उसकी स्पष्ट और पारदर्शी जानकारी संबंधित व्यक्ति को अवश्य दें। इससे प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत होता है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों के लिए तार्किक सोच और विवेकपूर्ण निष्कर्ष अत्यंत आवश्यक हैं। तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष निर्णय लेना ही एक सक्षम अधिकारी की पहचान है। उन्होंने कहा कि जनता को न्याय दिलाना लोक सेवक का प्रथम कर्तव्य है और प्रत्येक अधिकारी को इस भावना के साथ कार्य करना चाहिए।

# बैंक ऑफ इंडिया में किसान समृद्धि उत्सव का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** बैंक ऑफ इंडिया रायपुर अंचल द्वारा किसान माह के अन्तर्गत किसान समृद्धि उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबन्धक शारदा भूषण राय, गरियाबन्द जनपद के जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, सुधीर वर्मा, उप अभियन्ता, कृषि विभाग छत्तीसगढ़ शासन के साथ ही बैंक के छत्तीसगढ़ राज्य के आंचलिक प्रबन्धक विनय उपकारी तथा उप आंचलिक प्रबन्धक सुदीप नियोगी उपस्थित रहे।

दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। आंचलिक प्रबन्धक श्री विनय उपकारी ने सभी का स्वागत करते हुए बैंक द्वारा राज्य में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा प्रतिभागियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शारदा भूषण राय ने बैंकिंग क्षेत्र के बदलते परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए देश की अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में भी कृषि क्षेत्र देश का सबसे बड़ा रोजगार का स्रोत है। श्री राय ने बैंक की ऋण सुविधाओं का लाभ उठाने के साथ ही अनुशासित रहने और समय पर ऋण चुकाने के लिए भी प्रेरित किया।

गरियाबन्द जनपद के जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गौरीशंकर कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य में कृषि क्षेत्र में उभरती नयी सम्भावनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अब युवा उद्यमी राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों में भी कृषि की नयी तकनीकी का उपयोग कर रहे हैं।

# कलिंगा यूनिवर्सिटी ने स्वास्थ्य सेवा सहयोग के माध्यम से कर्मचारी और छात्र कल्याण को मजबूत किया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मध्य भारत के प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक, कलिंगा यूनिवर्सिटी, अपने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। सर्वांगीण विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के अपने दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, विश्वविद्यालय लगातार ऐसी पहल करता है जो एक स्वस्थ, सुरक्षित और सहायक शैक्षणिक वातावरण में योगदान देती हैं।

इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप, कलिंगा यूनिवर्सिटी ने छत्तीसगढ़ के सबसे प्रतिष्ठित मल्टी-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य संस्थानों में से एक, एमएमआई नारायणा अस्पताल के साथ एक सहयोगात्मक संबंध स्थापित किया है। यह साझेदारी निवारक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने और अपने शैक्षणिक समुदाय के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के प्रति विश्वविद्यालय के सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाती है।

एमएमआई नारायणा अस्पताल के स्वास्थ्य पेशेवरों की एक टीम ने शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्यों के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता और परिवार स्वास्थ्य लाभ कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कलिंगा यूनिवर्सिटी परिसर का दौरा किया।

कार्यक्रम के दौरान, अस्पताल के प्रतिनिधियों ने अस्पताल के उन्नत चिकित्सा बुनियादी ढांचे, सुपर-स्पेशियलिटी विभागों, आपातकालीन और क्रिटिकल केयर सेवाओं, नैदानिक सुविधाओं, निवारक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों और रोगी-केंद्रित उपचार दृष्टिकोण को उजागर करने वाली एक जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दी। सत्र में स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच और निवारक देखभाल के महत्व पर भी जोर दिया गया।

# एक ही ऐप में रेलवे की सभी सुविधाएँ, यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा रेलवन ऐप

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को आधुनिक, त्वरित एवं सुविधाजनक डिजिटल सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में विकसित रेलवन ऐप यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। पिछले वर्ष जुलाई में प्रारंभ किए गए इस एकीकृत मोबाइल ऐप को देशभर में अब तक करोड़ों लोग डाउनलोड कर चुके हैं तथा इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है।




## रेलवन ऐप की प्रमुख विशेषताएँ, उपयोगिता एवं लाभ

- इस ऐप के माध्यम से यात्री आरक्षित, अनारक्षित एवं प्लेटफॉर्म टिकटों की आसानी से बुकिंग कर सकते हैं, साथ ही टिकट रद्दीकरण एवं रिफंड की प्रक्रिया भी बेहद सरल एवं त्वरित रूप में उपलब्ध है।
- यात्रियों को पीएनआर स्टेटस, वेटिंग स्थिति, लाइव ट्रेन रनिंग स्टेटस, ट्रेन के आगमन एवं प्रस्थान समय, प्लेटफॉर्म नंबर तथा कोच पोजिशन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी रियल टाइम में प्राप्त होती है।
- रेलवन ऐप सुरक्षित, सुविधाजनक एवं तेज डिजिटल भुगतान सुविधा उपलब्ध कराता है।
- रेलवन ऐप में यात्रियों को तेज, सुरक्षित एवं सुविधाजनक डिजिटल टिकटिंग सुविधा मिलने के कारण यात्रियों का समय एवं श्रम दोनों की बचत हो रही है तथा टिकट काउंटरों में भीड़ एवं लंबी कतारों से राहत मिल रही है।
- यात्री कहीं से भी अपने मोबाइल के माध्यम से आसानी से टिकट बुक कर सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ राइफल एसोसिएशन ने की 25वीं राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ टॉपगन शूटिंग अकादमी, 12 जुलाई से 21 जुलाई 2026 तक छत्तीसगढ़ राइफल एसोसिएशन द्वारा 25वीं राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से अनेक युवा एवं बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में रायपुर शहर स्थित टॉपगन शूटिंग अकादमी के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 से अधिक पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता ,शिवम गुप्ता - 391/400 अंक, सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक, नमन साहू - 381/400 अंक, यूथ एवं जूनियर वर्ग में रजत पदक, आस्था सिंह - 373/400 अंक, जूनियर एवं सीनियर कैटेगरी में रजत पदक नायो महलानी - 371/400 अंक, जूनियर एवं सीनियर कैटेगरी में 4 रजत पदक,लक्ष्य 372/400 अंक, सब-यूथ एवं यूथ वर्ग में रजत पदक ध्रुव अंबवानी।

# साफ सफाई का हाल जानने आयुक्त मरकाम सुबह पहुंचे इंदिरा नगर



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** बारिश में साफ सफाई का हाल जानने आयुक्त श्री जी.आर मरकाम आज सुबह इंदिरा नगर का आकस्मिक निरीक्षण कर बस्ती के सम्पूर्ण क्षेत्र की अच्छे तरीके सफाई करने के निर्देश दिए। वही उन्होने जिला चिकित्सालय के पास का अवरूद्ध नाला जेसीबी से सफाई कराई तथा अस्पताल परिसर के चारो ओर के नाली की स्वच्छता कमाण्डो गैंग से सम्पूर्ण सफाई कराए। साथ ही उन्होंने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम का निरीक्षण कर मरम्मत के शेष कार्य जल्द पूर्ण करने कहा।

दो-तीन दिन से लगातार बारिश के कारण निचली बस्तियो मे पानी भरान को ध्यान में रखकर आयुक्त श्री मरकाम ने आज सुबह निगम के तकनीकि एवं स्वास्थ्य अमला के साथ इंदिरा नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि इंदिरा नगर बस्ती में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। पानी भरान क्षेत्र से पानी निकासी की समुचित व्यवस्था हो, गड्ढे में भरे पानी कच्ची नाली खोदकर निकासी करावे।

# महापौर व आयुक्त ने चिखली दीनदयाल नगर में पानी निकासी के लिए किये स्थल निरीक्षण



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** दो दिन से लगातार बारिश होने पर चिखली दीनदयाल नगर में बस्ती की ओर पानी भरान की स्थिति निर्मित होने पर सुबह महापौर श्री मधुसूदन यादव, आयुक्त श्री जी.आर मरकाम, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं जल विभाग के प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद श्री सुनील साहू तथा तकनीकि व स्वास्थ्य अमला के साथ चिखली तनाला रेस्टोरेंट के पीछे के नाला का निरीक्षण किए।

चिखली तनाला रेस्टोरेंट के पीछे के नाला का पानी आगे नाला नही बनने के कारण बस्ती की ओर पानी भरान की स्थिति निर्मित होने पर आज महापौर श्री यादव मौका मुआयना किए। उन्होंने उक्त क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर नाला बनाने के लिए स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने प्र. सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू एवं उप अभियंता सुश्री आयुषी सिंह से कहा कि आगे पानी निकासी के लिए सीमांकन कराया जाए और नाला निर्माण हेतु तकनीकि प्रक्रिया की जाए। उन्होंने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को पानी निकासी हेतु कच्ची नाली खोदने एवं साफ सफाई कराने के निर्देश दिए।

# प्रकृति संरक्षण के लिए किया रोटरी ने पौधारोपण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर द्वारा ग्राम कांटाडीह में सघन वृक्षारोपण किया गया। रोटरी अध्यक्ष प्रीता लाल ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत नीम व करंज के लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया है। पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधे लगाना और उनका संरक्षण नितांत आवश्यक है। वृक्षारोपण के माध्यम से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है, बल्कि जैव विविधता का संरक्षण, जल स्रोतों का संवर्धन और प्राकृतिक संतुलन भी मजबूत होता है। इस अवसर पर ग्राम कांटाडीह में महिला और शिशु स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आंगनवाड़ी में एक चर्चा भी आयोजित की गई। डॉक्टर अरुणा पलटा - प्रसिद्ध आहार और पोषण रोग विशेषज्ञ ने मुख्य अतिथि की आसंदी से महिलाओं और बच्चों से कहा कि यह अति आवश्यक है कि हम यह जान लें कि हमें आहार में क्या लेना है क्या नहीं। स्वस्थ रहने के लिये पोषण के साथ-साथ व्ययाम,नियमित नींद और एक संतुलित दिनचर्या की भी आवश्यकता है।

# युवाओं में तेजी से बढ़ रहे हैं स्ट्रोक के मामले : रामकृष्ण केयर अस्पताल के विशेषज्ञ

■ अधिकांश मरीज देर से पहुंच रहे हैं अस्पताल

■ तंत्रिका संबंधी रोग अब दुनिया में दिव्यांगता का सबसे बड़ा कारण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, तंत्रिका संबंधी रोग अब पूरी दुनिया में दिव्यांगता का सबसे बड़ा कारण बन चुके हैं। विश्व की 40 प्रतिशत से अधिक आबादी, यानी 3.4 अरब से ज्यादा लोग मस्तिष्क, मेरुदंड और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी किसी न किसी बीमारी से प्रभावित हैं। हर वर्ष इन बीमारियों के कारण 1.1 करोड़ से अधिक लोगों की मृत्यु होती है। यही वजह है कि तंत्रिका संबंधी रोग आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में शामिल हो चुके हैं।

इन बीमारियों में स्ट्रोक सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। भारत में हर वर्ष लगभग 12.5 लाख नए स्ट्रोक के मामले सामने आते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, पिछले तीन दशकों में इनकी संख्या लगातार बढ़ी है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, तंबाकू का सेवन, मानसिक तनाव, अपर्याप्त नींद, अस्वस्थ जीवनशैली और बढ़ती आयु इसके प्रमुख कारण हैं। इसके साथ ही मधुमेह और उच्च रक्तचाप की दवाओं का अनियमित सेवन तथा नियमित चिकित्सकीय जांच और फॉलो-अप की कमी इस जोखिम को और अधिक बढ़ा रही है।

'सभी के लिए मस्तिष्क स्वास्थ्य' विषय पर मनाए जा रहे विश्व मस्तिष्क दिवस के अवसर पर रामकृष्ण केयर अस्पताल के तंत्रिका रोग विशेषज्ञों ने लोगों से जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि तंत्रिका संबंधी रोगों के उपचार में चिकित्सा विज्ञान ने उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन आज भी अधिकांश मरीज शुरुआती चेतावनी संकेतों को पहचान नहीं पाते या उन्नत न्यूरो साइंस सुविधा वाले अस्पताल तक पहुंचने में देर कर देते हैं। परिणामस्वरूप उपचार का बहुमूल्य समय हाथ से निकल जाता है।

विशेषज्ञों के अनुसार सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अधिकांश मरीज तब तक अस्पताल नहीं पहुंचते जब तक बीमारी गंभीर रूप नहीं ले लेती। कई मरीज लकवा, बेहोशी, बार-बार दौरे पड़ना, बोलने में गंभीर कठिनाई या अचानक दृष्टि चली जाने जैसी गंभीर स्थिति के बाद ही आपातकालीन विभाग तक पहुंचते हैं। तब तक उपचार का महत्वपूर्ण अवसर कई बार निकल चुका होता है। अनेक मामलों में मरीज पहले आसपास के छोटे अस्पतालों, क्लीनिकों अथवा झाड़-फूंक और चमत्कारी इलाज का दावा करने वाले लोगों के पास चले जाते हैं। इस कारण बहुमूल्य समय नष्ट हो जाता है और बाद में उन्हें ऐसे समग्र न्यूरो साइंस केंद्रों में भेजा जाता है, जहां उन्नत स्ट्रोक उपचार, रक्त के थक्के को घोलने की सुविधा, आपातकालीन मस्तिष्क शल्य चिकित्सा और विशेष तंत्रिका रोग उपचार उपलब्ध होता है। इस प्रकार की देरी स्थायी दिव्यांगता, लंबे पुनर्वास और यहां तक कि मृत्यु का जोखिम भी कई गुना बढ़ा देती है।

डॉ. संजय शर्मा, वरिष्ठ परामर्शदाता न्यूरोलॉजी, रामकृष्ण केयर अस्पताल, ने कहा, तंत्रिका संबंधी आपात स्थितियों में सबसे बड़ी चुनौती लक्षणों की देर से पहचान है। अब हम कम उम्र के लोगों में भी स्ट्रोक और अन्य तंत्रिका संबंधी रोग तेजी से बढ़ते देख रहे हैं। दुर्भाग्य से लोग अचानक शरीर के एक हिस्से में कमजोरी या सुन्नपन, अस्पष्ट बोलना, चेहरे का टेढ़ा होना, चक्कर आना या दृष्टि में बदलाव जैसे लक्षणों को तनाव या थकान समझकर नजरअंदाज कर देते हैं।

# FSSAL की 'निरंतर वैधता' व्यवस्था छत्तीसगढ़ में लागू करने की मांग

■ CAIT ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी के नेतृत्व में CAIT छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने आज छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री माननीय श्री श्याम बिहारी जायसवाल से सौजन्य भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भारत सरकार के भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा 10 मार्च 2026 को जारी अधिसूचना के अनुरूप खाद्य व्यवसाय लाइसेंस एवं पंजीयन की 'निरंतर वैधता (Continuous Validity)' व्यवस्था को छत्तीसगढ़ में भी शीघ्र लागू करने का आग्रह किया गया।

इस अवसर पर श्री अमर पारवानी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा लागू की गई यह व्यवस्था Ease of Doing business को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सुधार है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026



## मानसून : प्रदेश में खेती-किसानी का काम जोरों पर

**रायपुर।** प्रदेश में मानसून के दस्तक के साथ ही खेती किसानी का कार्य जोरों पर हैं। राज्य में 22 जुलाई की स्थिति में राज्य के 33.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्रों में लक्ष्य का 69 प्रतिशत बोनी हो चुकी है। इस खरीफसीजन में 48.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों को खेती-किसानी में सहुलियतें प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक सहयोग करने संबंधित अधिकारियों निर्देशित किए गए हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात

- 14वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर की तैयारियों पर हुई चर्चा
- एमएसएमई क्षेत्र को मिलेगा नया संबल, निवेश और रोजगार को मिलेगी गति : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 18, 19 एवं 20 सितंबर को रायपुर में आयोजित होने वाले 14वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर (आईआईएफ) की तैयारियों, उद्देश्यों एवं आयोजन की विस्तृत रूपरेखा से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे राष्ट्रीय स्तर के औद्योगिक आयोजन प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को नई दिशा देने के साथ-साथ निवेश, नवाचार और रोजगार सृजन को भी गति प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योग-अनुकूल वातावरण तैयार करने, प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा उद्यमियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। रायपुर में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर राष्ट्रीय औद्योगिक समागम का आयोजन छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं का द्वार खोलेगा।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि लघु उद्योग भारती लघु उद्यमियों का देश का सबसे बड़ा संगठन है, जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को सशक्त बनाने तथा उद्योगों के बीच व्यवसायिक सहयोग (बी2बी) को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। रायपुर में आयोजित होने वाला 14वां इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर देशभर के उद्यमियों, निवेशकों, उद्योग विशेषज्ञों एवं तकनीकी संस्थानों को एक साझा मंच उपलब्ध कराएगा, जहां आधुनिक तकनीक, निवेश, विपणन, उद्योग-व्यापार सहयोग और व्यापार विस्तार के नए अवसर विकसित होंगे।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के एमएसएमई क्षेत्र को नई ऊर्जा देने के साथ प्रदेश को राष्ट्रीय औद्योगिक मानचित्र पर और अधिक सशक्त पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस आयोजन से स्थानीय उद्यमियों को राष्ट्रीय बाजार से जुड़ने, नई तकनीकों को अपनाने और व्यापार विस्तार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र गुप्त, संयुक्त महासचिव नरेश पारख, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समीर, प्रांत अध्यक्ष सी. पी. दुबे, पुरुषोत्तम पटेल, अनिल बाकलीवाल, तूलिका पांडे एवं प्रांजल सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

# 23 से 26 जुलाई तक होगा बैलाडीला कबड्डी लीग का आयोजन

- एनएमडीसी की सीएसआर पहल से बैलाडीला क्षेत्र के 26 गांवों के खिलाड़ियों को मिलेगा मंच



**हैदराबाद (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 23 से 26 जुलाई तक बैलाडीला क्षेत्र के 26 गांवों के कबड्डी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और दमखम दिखाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और उन्हें आगे बढ़ने का राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड अपने नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत 'बैलाडीला कबड्डी लीग' का आयोजन कर रही है।

प्रतियोगिता में बचेली एवं किरंदुल क्षेत्र की कुल 26 ग्राम पंचायतों की 24 टीमें भाग लेंगी। बचेली क्षेत्र के मोलसनार, दुगेली, पाढ़ापुर, बेनपाल, बड़े कमेली, कमालूर, झिरका, धुरली, गामावाड़ा, नेरली, बड़े बचेली, मसेनार, गंजेनार एवं भांसी गांवों की टीमें प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। वहीं, किरंदुल क्षेत्र से कोडेनार, कड़मपाल, मदाड़ी, चोलनार, टिकनपाल, कलेपाल, समलवार, मड़कामिरास, हिरोली, कुटरेम, गुमियापाल एवं तनेली के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

प्रतियोगिता के लीग मुकाबले किरंदुल स्थित फुटबॉल स्टेडियम तथा बचेली के हॉकी मैदान में आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता का उदघाटन एवं समापन समारोह एनएमडीसी टाउनशिप बचेली स्थित हॉकी मैदान में होगा। इस लीग के सफल आयोजन के लिए वाटर प्रूफ जर्मन हेंगर की व्यवस्था की गई है। मैदान पर खिलाड़ियों की सहूलत के लिए सिंथेटिक रबर मैट बिछाई जा रही है।

एनएमडीसी द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट एवं प्रतियोगिता के लिए आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करना तथा स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

# 'छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की कॉलोनियों में लाखों रुपये का मेंटेनेंस शुल्क बकाया'

- 'डूमरतराई एवं बोरियाकला कॉलोनियों के बकायादार हितग्राहियों से शीघ्र भुगतान की अपील'



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की बहुमंजिली भवन हिमालयन हाइट्स, डूमरतराई एवं बोरियाकला कॉलोनियों में हितग्राहियों द्वारा लैंड मेंटेनेंस चार्ज (एल.एम.सी.), कॉमन मेंटेनेंस चार्ज (सी.एम.सी.) तथा जल प्रभार का नियमित भुगतान नहीं किए जाने के कारण कॉलोनियों के रखरखाव एवं नागरिक सुविधाओं के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मंडल द्वारा कॉलोनियों में सड़कों, नालियों, उद्यानों, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति व्यवस्था, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य रखरखाव कार्यों पर नियमित व्यय किया जाता है। इन कार्यों के लिए आवश्यक राशि एल.एम.सी., सी.एम.सी. एवं जल प्रभार के माध्यम से प्राप्त होती है।

निर्धारित शुल्क समय पर जमा नहीं होने से इन आवश्यक सेवाओं के संचालन एवं रखरखाव पर वित्तीय दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। विशेष रूप से लिफ्टों के नियमित संचालन एवं रखरखाव, विद्युत देयकों (बिजली बिल) के समय पर भुगतान तथा कॉलोनियों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों के सुचारु संचालन में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। इससे कॉलोनियों में उपलब्ध कराई जाने वाली नागरिक सुविधाओं की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है।

हिमालयन हाइट्स, डूमरतराई कॉलोनी में लगभग 800 आबंटित भवनों के विरुद्ध 197 हितग्राहियों से लगभग रु.185.35 लाख की मेंटेनेंस शुल्क राशि बकाया है।

# राजीव भवन में प्रदर्शन भाजपा का नहीं सरकार का था, पूरे मंत्री कांग्रेस दफ्तर पर हमला करने आये थे

- मंत्रियों के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पत्थर, आंसू गैस के गोले फेंके गये




**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी ने सुनियोजित तरीके से कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय पर हमला किया। भाजपा ने इसे घोषित तौर पर प्रदर्शन बताया, लेकिन यह पूरी तरह से सरकार और पुलिस के संरक्षण में किया गया हमला था। कांग्रेस के कार्यकर्ता सामान्य दिनों की भांति कांग्रेस मुख्यालय में एकत्रित थे, जैसे ही हमे पता चला कि भाजपा के लोग कांग्रेस मुख्यालय में हमला करने आये है, हमारे लोग भी प्रतिवाद करने आगे आये।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपाई के लोगो ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पत्थरों से हमला किया। पानी के बोतल फेंके गये, लाठियां फेंक कर हमला किया गया। भाजपा कार्यकर्ता एक टेक्टर भर के पत्थर, पुराने चप्पल, लाठी लेकर आये थे। पुलिस ने कुल पांच आंसू गैस के गोले कांग्रेस के लोगो के ऊपर फेंका, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर एक भी गोला नहीं छोड़ा गया। पुलिस ने वाटर केनन से प्रहार भी कांग्रेस कार्यकर्ताओ के ऊपर ही किया गया। पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओ को खुला संरक्षण दे रही थी। कांग्रेस के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता इस हमले में घायल हुये, हमारी महिला कार्यकर्ता भी पुलिस के प्रहार से तथा पत्थरों से घायल हुई।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बेहद ही शर्मनाक और आपत्तिजनक है कि कांग्रेस कार्यालय पर किये गये हमले में भाजपा सरकार के सभी मंत्री शामिल थे। गृहमंत्री सहित मंत्री गण जिनके ऊपर राज्य के लोगों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बना कर रखने की जवाबदारी है। वे सारे मंत्री विपक्षी दल के दफ्तर पर हमला करने आये थे। भाजपा ने सत्ता के दंभ में सारी लोकतांत्रिक मर्यादाओ को तार-तार किया है।

# राहुल गांधी का आचरण लोकतांत्रिक गरिमा के प्रतिकूल : सीएम साय

- जनता ऐसे राजनीतिक स्टंट को स्वीकार नहीं करेगी : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आवास के बाहर उनका आचरण लोकतांत्रिक मर्यादा के प्रतिकूल और निंदनीय है।



उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से इस प्रकार के राजनीतिक स्टंट की अपेक्षा नहीं की जा सकती।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि NEET पेपर लीक जैसे मामले को केंद्र सरकार ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्वयं पेपर लीक को पाप बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की बात कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। परीक्षा दोबारा पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित की गई और उसका परिणाम भी घोषित हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस मुद्दे की आड़ लेकर युवाओं को भ्रमित करने और देश में अराजकता का वातावरण बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के बाहर विपक्ष द्वारा किया गया प्रदर्शन लोकतंत्र की गरिमा के अनुरूप नहीं है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि देश की जनता इस प्रकार की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी और लोकतांत्रिक संस्थाओं एवं संवैधानिक मर्यादाओं का सम्मान सर्वोपरि है।

## आकाशीय बिजली से बचाव के लिए जिला प्रशासन की अपील

**जशपुरनगर।** वर्षा ऋतु के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में संभावित वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। नागरिकों से कहा गया है कि मौसम खराब होने, तेज गरज-चमक या बिजली कडक़ने की स्थिति में लापरवाही न करें और तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर शरण लें। गरज-चमक के दौरान खुले मैदान, खेत, पहाड़ी क्षेत्र, नदी-तालाब एवं अन्य जलाशयों के आसपास जाने से बचें। साथ ही पेड़ों के नीचे खड़े न हों, क्योंकि आकाशीय बिजली गिरने का खतरा अधिक रहता है। ऐसी स्थिति में किसी पक्के भवन या पूरी तरह बंद वाहन में शरण लेना सुरक्षित उपाय है। मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी चेतावनियों का पालन करें तथा अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। यदि कोई व्यक्ति खुले स्थान पर फँस जाए और तत्काल सुरक्षित स्थान तक पहुँचना संभव न हो, तो दोनों पैरों को आपस में मिलाकर नीचे झुक जाएँ, सिर नीचे रखें तथा हाथ घुटनों पर रखें।

# एनएमडीसी में 'बालिका शिक्षा योजना' के तहत 200 नर्सिंग सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित

**हैदराबाद (विश्व परिवार)।** भारत की सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी ने शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए अपनी प्रमुख बालिका शिक्षा योजना (बीएसवाई ) के अंतर्गत संपूर्ण प्रायोजित 200 नर्सिंग सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। छत्तीसगढ़ के छह जिलों की पात्र अनुसूचित जनजाति (एस टी) की बालिकाओं से आवेदन आमंत्रित करते हुए प्रवेश अधिसूचना प्रकाशित की गई है।

एनएमडीसी की नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत कार्यान्वित इस कार्यक्रम में बी.एससी. नर्सिंग के लिए 110 सीटें और जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफ्री (जीएनएम) के लिए 90 सीटें प्रदान की जाती हैं। चयनित उम्मीदवारों को पूरी तरह से नि:शुल्क व्यावसायिक नर्सिंग शिक्षा प्राप्त होगी, जिसमें एनएमडीसी ट्यूशन फीस, छात्रावास आवास, अध्ययन सामग्री, यूनिफॉर्म, परीक्षा शुल्क और अन्य शैक्षणिक खर्चों का पूरा व्यय की जाएगी।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कोंडागांव और नारायणपुर जिलों की उन अनुसूचित जनजाति (एसटी ) की बालिकाओं के लिए है, जिनके परिवार की वार्षिक आय ?72,000 से




अधिक न हो। आवेदकों की आयु 17 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। बी.एससी. नर्सिंग कोर्स में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों का नीट-2026 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, जबकि बी.एससी. नर्सिंग और जीएनएम (जीएनएम) दोनों पाठ्यक्रमों के आवेदकों को विज्ञान विषय (भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान) एवं अंग्रेजी के साथ 12वीं कक्षा में निर्धारित न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त होना आवश्यक है। चयनित छात्राएं देश के प्रमुख संस्थानों में अपनी नर्सिंग शिक्षा पूरी करेंगी, जिनमें अपोलो स्कूल ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद, अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, चित्तूर, एसआरएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग, चेन्नई, किम्स (केआईएमएस) कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद, यशोदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद शामिल हैं।

## कॉम्प्लेक्स के बाहर मिली युवक की लाश, पुलिस जांच में जुटी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक मजदूर की हत्या से सनसनी फैल गई। कोतवाली थाना क्षेत्र में यातायात थाना के सामने स्थित एक कॉम्प्लेक्स के बाहर मजदूर का खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में हडक़ंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान नेहरू नगर निवासी प्रकाश हरिजन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अज्ञात हमलावरों ने मजदूर के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी। आशंका जताई जा रही है कि वारदात तडक़े सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच हुई। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए और मृतक का शव कॉम्प्लेक्स के बाहर पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके अलावा सिविल लाइन एसीपी, एफएसएल टीम और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि वारदात में शामिल आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश को लेकर पुलिस जांच जारी है।

# स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए 3-सीटर स्टेनलेस स्टील एवं आरसीसी बेंचों की व्यवस्था

- यात्रियों के लिए स्टेशनों पर बैठने के लिए पर्याप्त बेंच की व्यवस्था

**रायपुर (विश्व परिवार)।** यात्रियों को बेहतर एवं आरामदायक प्रतीक्षा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल द्वारा विभिन्न रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्मों एवं वेटिंग हाल में स्टेनलेस स्टील की आधुनिक 3-सीटर एवं आरसीसी बेंचों की स्थापना का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इन बेंचों के स्थापित होने से यात्रियों को ट्रेन की प्रतीक्षा के दौरान सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक बैठने की



व्यवस्था उपलब्ध होगी।

रायपुर रेल मंडल द्वारा अपने अमृत भारत स्टेशनों पर न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में बैठने की बेंच उपलब्ध कराइ गई है , नई 3-सीटर स्टेनलेस स्टील की कुल लगभग 620 बेंचें एवं आरसीसी की 478 बेंच स्थापित कर रहा है। वर्तमान में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे स्टेशनों सहित विभिन्न स्टेशनों पर बेंच लगाने का कार्य निरंतर प्रगति पर है।

अब तक निम्नलिखित अमृत भारत स्टेशनों एवं मेजर री - डवलपमेंट स्टेशन के अंतर्गत 413 थ्री सीटर स्टेनलेस स्टील बेंचों एवं 368 आरसीसी बेंचों की व्यवस्था की जा चुकी है-

- भानुप्रतापपुर स्टेशन - 28 बेंच
- भिलाई नगर स्टेशन - 90 बेंच
- सरोना स्टेशन - 15 बेंच
- उरकुरा स्टेशन - 53 बेंच
- भिलाई स्टेशन - 45 बेंच
- दल्लीराजहरा स्टेशन - 25 बेंच
- निपानिया स्टेशन - 30 बेंच
- बालोद स्टेशन - 25 बेंच।



शांति मिलन

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्रीमती विमला देवी (धर्मसहायिका-विजय कुमार बैदमुथा) का आकस्मिक निधन 19 जुलाई, दिन रविवार को सुबह 8.10 बजे हो गया है।

स्व. विमला देवी

शांति मिलन

23 जुलाई, गुरूवार 2026 । सुबह 11 बजे
समरथ स्थानक भवन, रामकृष्ण हॉस्पिटल के पास, रायपुर

शोकाकुल

विजय कुमार (पति), प्रवीण, नवीन, नितिन (पुत्र), खुशबू (पुत्री)
देवेन्द्र, धीरज, विवेक (भतीजे)
एवं समस्त बैदमुथा परिवार, रायपुर

प्रतिष्ठान - गुलाब एजेंसी, श्री गुलाब ट्रेडर्स,
विमला मेडिकोज, मुथा किराना ग्रेन मर्चेंट, मुथा ट्रेडिंग

# भाजपा ने किया कांग्रेस कार्यालय का घेराव

**रायपुर (विश्व परिवार)।** उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा जी,जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर जी के मार्गदर्शन में भाजपा शंकर नगर मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति जी के नेतृत्व में आज बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तगण कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने टर्निंग पॉइंट चौक पंहुचे, ज्ञात हो कि राहुल गांधी ने 21 जुलाई को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आवास का घेराव किया जिसके जवाब में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा सभी मंडलों से कांग्रेस कार्यालय के घेराव का आह्वान किया गया।



इस कड़ी में भाजपा शंकर नगर मंडल से प्रदेश प्रवक्ता नलनीश ठोकने जी, जिला मंत्री अर्चना हुकरे जी जिला सह कार्यालय मंत्री अनूप खेलकर जी,प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष देवदत्त साहू जी,सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र निर्मलकर जी,अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष पंकज जगत जी,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक बृजेश अग्रवाल जी, शंकर नगर वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता जी, गुरु गोविंद सिंह वार्ड पार्षद कैलाश बेहरा जी,संजय कश्यप जी,मंडल महामंत्री हरिवंश वर्मा, सुधीर चौबे जी, उपाध्यक्ष प्रकाश सिन्हा जी अविनाश चटर्जी जी,अनूप वर्मा जी,आकाश तिवारी जी, मंत्री लता जगत जी, राम तांडी जी,शम्भू लवंशी जी, कोषाध्यक्ष वर्षा सहिश जी, सोशल मीडिया प्रभारी जयकुमार डे, सूरज यादव जी,प्रितम महानंद, आकाश बलानी इत्यादि उपस्थित थे।




25 वर्ष का अनुभव RIFCO TAX CONSULTANTS Since 1998

GST ITR

फाइल बनवाएं मात्र 500/-

हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।

- Income Tax फाइल - GST रजिस्ट्रेशन - TDS Return
- CMA Data - MSME Registration - Balance Sheet
- प्रोजेक्ट रिपोर्ट-GST Return - फूड लाइसेंस

संपर्क : शेखर गुप्ता Whatsaap पर बनवाएं

WWW.ONLYTDS.COM

9300755544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354